दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
ताज़ा ख़बरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!
वर्ष: 17 | अंक 27 | सीकर, बुधवार 25 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी : ओला



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से देशभर, विशेषकर राजस्थान के करोड़ों छात्र-छात्राओं से जुड़ा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का गंभीर मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के भुगतान में लगातार हो रही देरी और तकनीकी अव्यवस्थाएं सरकार की नीतिगत विफलता और प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अपने आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025-26 में लाखों विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलना था लेकिन बड़ी संख्या में भुगतान अब भी लंबित है।

विशेष रूप से राजस्थान की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक एक भी पात्र छात्र को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाया है, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है। सांसद ने कहा कि आधार सीडिंग की समस्याएं, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की तकनीकी खामियां और सिस्टम की विफलता के कारण छात्रों को समय पर सहायता नहीं मिल रही है। यह स्थिति अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। सांसद ओला ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि सरकार के पास लंबित आवेदनों और भुगतान की स्पष्ट जानकारी तक उपलब्ध नहीं है, जो उसकी जवाबदेही और गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। सांसद ने सरकार से मांग की कि सभी लंबित छात्रवृत्तियों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए, केंद्र और राज्य सरकार के बीच स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नेशनल स्तर पर खेल कर आए दिव्यांग खिलाड़ियों का किया स्वागत




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** नेशनल खेल में अजितसरिया संकल्प सेवा संस्थान की तरफ से खेलने गए खिलाड़ी बंटी ने खेल शोर्ट फूट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। भाग्यश्री ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया, खिलाड़ी रोहितास ने खेल शोर्ट फुट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के नेतृत्व में खेलने गए खिलाड़ियों का पहुँचने पर स्वागत किया गया।

व्यस्थापक कृष्ण मोहन ने स्वागत करते हुए बताया कि हमारे संस्थान में दिव्यांग विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स की तैयारी तथा भोजन रहना नि:शुल्क दिया जाता है। मेडल लाने वाले विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी नौकरी दी जाती है । संरक्षक अरुण कुमार अजीतसरिया ने सभी को बधाई दी। समारोह में पार्षद अरविंद इन्दौरिया, नरेश शर्मा, बनवारी लाल महर्षि, अध्यापक विनोद चोटिया, राहुल पचलंगिया आदि गणमान्य लोगों ने कोच दीनदयाल शर्मा, विजेता दिव्यांग भाग्यश्री का दौड़ में रजत पदक प्राप्त करने, रोहिताश का कांस्य पदक पाने व बंटी का शोर्ट फुट में रजत पदक प्राप्त करने पर पुष्प माला व पट्टिकायें पहनाकर भावभीना स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत, शाहरुख, योगिता, विनोद शर्मा सहित कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। स्वागत-सत्कार के कार्यक्रम का संचालन गोपाल स्वामी ने किया।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी

### जुड़वा बहनों के 98% नंबर आए, सब्जी बेचने वाले की बेटी के 98.67 प्रतिशत; कोटा में परिणाम देख डांस करने लगे स्टूडेंट






**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस बार परिणाम 94.23 प्रतिशत रहा है। यह पिछले साल से 1.17 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल 93.06 प्रतिशत परिणाम रहा था। लड़कों का 93.63 और लड़कियों का 94.90% रिजल्ट रहा है।

दोपहर करीब एक बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित ऑफिस से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रिजल्ट की घोषणा की। हिन्दी, अंग्रेजी, सोशल साइंस, साइंस, मैथ्स, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी में कई स्टूडेंट्स को 100 में से 100 नंबर मिले हैं।

सीकर के लोसल में स्थित शेखावाटी स्कूल की प्रियांशी ने 99.83% नंबर हासिल किए हैं। जयपुर के महेश नगर स्थित कैम्ब्रिज स्कूल की छात्रा रिद्धिमा जांगिड़ ने 99.67% अंक हासिल किए हैं।

हनुमानगढ़ में नोहर के टेस्ला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पल्लवी ने 99.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। स्कूल के निदेशक कुलदीप गौड़ ने बताया कि पल्लवी ने जिले में टॉप किया है। खास बात यह है कि पल्लवी के पिता सुरेश कुमार टेस्ला स्कूल में बस ड्राइवर हैं। प्रतापगढ़ के अरनोद क्षेत्र की जुड़वां बहनों हिमांशी मकवाना और हिनल मकवाना ने 98 प्रतिशत से ज्यादा नंबर हासिल किए।

10वीं के रिजल्ट में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का गृह जिला कोटा प्रदेश के 41 जिलों में आखिरी से तीसरे पायदान पर रहा। कोटा जिले का रिजल्ट 89.25% रहा है, जबकि हाड़ौती संभाग के चार जिलों में सबसे अंतिम पायदान पर रहा। हाड़ौती संभाग में 90.21% रिजल्ट के साथ बूंदी जिला पहले स्थान पर, 89.94% के साथ झालावाड़ दूसरे, 89.72% रिजल्ट के साथ बारां जिला तीसरे नंबर पर रहा।

### ड्राइवर के बेटे ने 98.50% अंक हासिल किए:10वीं बोर्ड में जयपुर की रिद्धिमा जांगिड़ के 99.67%, जयपुर टॉप 10 में नहीं बना पाया जगह

जयपुर।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं का रिजल्ट मंगलवार को घोषित कर दिया गया। जयपुर जिले का रिजल्ट 94 .66 प्रतिशत रहा। इनमें छात्राएं 95 .32% पास हुईं, वहीं, छात्र 94 .08% पास हुए।

साल 2025 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का कुल परिणाम 93 .60% रहा। इसमें लड़कों का पास प्रतिशत 93 .16% और लड़कियों का 94 .08% रहा। इस बार 1 .05 फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि जयपुर इस बार बोर्ड रिजल्ट में टॉप टेन में भी शामिल नहीं रहा, जयपुर का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम में 16वां स्थान रहा।

जयपुर में कैम्ब्रिरज स्कूल की छात्रा रिद्धिमा जांगीड़ ने बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 99 .67% अंक हासिल किए है। रिद्धिमा ने हिंदी, विज्ञाना, गणित और संस्कृत सहित कुल चार विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए है। वहीं महादेव नगर, आगरा रोड स्थित सेंट ऑगस्टाइन्स कॉन्वेंट सेकेंडरी स्कूल की छात्रा निकिता मीणा ने कक्षा दसवीं बोर्ड में 99 .50% अंक हासिल किए। निकिता ने हिंदी, अंग्रेजी और विज्ञान में 100 में से 100 अंक हासिल किए है। जबकि सोशल साइँस, गणित और संस्कृत में 100 में से 99 अंक हासिल किए।

खोरा बिसल स्थित एसवीएम अकेडमी सी . से . स्कूल की छात्रा छवि शर्मा ने कक्षा दसवीं में 9933% अंक हासिल किए है। छवी ने हिंदी में गणित में 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं।

### 5वीं और 8वीं बोर्ड का 97% से ज्यादा रहा रिजल्ट
### साढ़े 6 हजार से अधिक स्टूडेंट का परिणाम रोका

बीकानेर।

राजस्थान में कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार दोपहर 1 बजे अजमेर में जारी किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ऑनलाइन रिजल्ट घोषित किया। इस बार दोनों कक्षाओं में 26 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनका कुल परिणाम 97% से ज्यादा रहा। कक्षा 5वीं का रिजल्ट 97.75% रहा, जो 8वीं के 97.01% से बेहतर रहा। 5वीं में 13,68,947 में से 13,33,936 और 8वीं में 12,86,220 में से 12,45,735 स्टूडेंट पास हुए। छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया, हालांकि 74 हजार स्टूडेंट सप्लीमेंट्री आए और साढ़े 6 हजार बच्चों के परिणाम रोके भी गए हैं।

इधर, रिजल्ट जारी होने के बाद शाला दर्पण पोर्टल खुलने में कई जगह दिक्कत आ रही है। इस वजह से स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट नहीं देख पा रहे हैं।

## ईरान जंग के बीच ट्रम्प ने मोदी को फोन किया

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन कर बातचीत की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर जोर दिया गया। पीएम मोदी ने ङ्ग पर पोस्ट कर कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। दूसरी तरफ खबर है कि ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।



### ट्रम्प ने ईरान पर हमला 5 दिन के लिए टाला

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। वहीं, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये के साथ मिलकर ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत की।

## मोदी बोले- ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

**राज्य सरकारों से अपील:** ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष वव्यस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। हमें हर जरूरी कदम, हर जरूरी रिफॉर्म तेजी से करते रहने होंगे।

## शादियों के लिए पर्याप्त सिलेंडर की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी ने चूरू जिला कलक्टर को एक पत्र भेजकर शादियों वाले परिवारों को समय पर गैस सिलेंडर मुहैया करवाये जाने की मांग की है। पत्र में गौरी ने बताया है कि चूरू जिले में शादियों का सीजन चल रहा है। इस कारण सभी शादी विवाह के अवसर पर सम्बंधित परिवार को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से उपभेक्ताओं को लाचारी महसूस होती है। इसलिए शादी से सम्बंधित परिवारों को शादी कार्ड के आधार पर पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध करवायें, ताकि वे परेशान न हों।

## क्षय रोग दिवस पर लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट सम्मानित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व क्षय रोग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलेक्टर चूरू की अध्यक्षता और हरलाल सहारण विधायक चूरू के मुख्य आतिथ्य में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार चूरू में आयोजित किया गया।



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के अध्यक्ष प्रदीप धर्ड़ ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ वेद प्रकाश के मार्गदर्शन में क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों के लिए पौष्टिक राशन किट वितरण में क्लब ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त क्लब द्वारा चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया और रोगियों के बैठने के लिए बेंच लगाकर चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार में सहयोग किया गया। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष मनोज जोशी, वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद अनवर कुरेशी, एडवोकेट हर्ष यादव व भीमराज प्रजापत भी उपस्थित थे।

## ताल वाले बालाजी मंदिर में रामकथा आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज द्वारा आयोजित रामकथा में छठे दिन व्यास पीठ पर विराजित संत सीताराम महाराज द्वारा राम वन गमन तथा वन में राम के केवट, कोल किरातों के बीच दुष्कर वन्य जीवन और केवट द्वारा नदी पार करवाने का अत्यंत मार्मिक प्रसंग सुनाया गया।



छठे दिन मुख्य यजमान के रूप में पंडित नवीन हरितवाल द्वारा खटीक समाज, भार्गव नवयुवक मंडल श्याम प्रेमी, जांगिड़ समाज, सांसी समाज, सैन समाज, विश्व हिन्दू परिषद के गणमान्य सदस्यों तथा पुजारी के कर कमलों से व्यास पीठ का पूजन अर्चन करवाकर कथा का शुभारंभ करवाया। संत सीताराम महाराज ने पूर्व मंत्री रिणवा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कथा के दौरान मुरारीलाल पारीक द्वारा संक्षिप्त रामायण का पाठ भी करवाया गया। इस अवसर पर राजकुमार महर्षि, अंबिका प्रसाद हरित, मणिराम पंवार, रामचंद्र दायमा, ओम प्रकाश सांखला, कपील भार्गव, गुलाब सांसी, पूजा सांसी, विजय कुमार भाटी, सत्यनारायण सेवदा, जगदेव सांखोलिया, अरविन्द, कुसुम मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के लिए किया जनसम्पर्क

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बार काउंसिल ऑफराजस्थान के उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड़ महलाना ने सुजानगढ़ बार संघ के सदस्य अधिवक्ताओं से अपने समर्थन में वोट डालने के लिए अपील की। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कठताला, पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठौड़, गंगाधर मूण्ड, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार, कमल गोयतान, हेमेन्द्र सिंह राठौड़, मन्नालाल स्वामी, दशरथ सिंह, गजेंद्र सिंह भाटी, हरीश पांड्या, रणजीत भारी, राजाराम बोहरा मोहम्मद दयान खान, मोहम्मद सलीम खान, नरेश सिंवर, हनुमान प्रजापत, खुशबू मूंड सहित अनेक अधिवक्ताओं ने एडवोकेट देवेंद्र सिंह माला पहना कर स्वागत किया।



## कोबरी-सार



## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने की आमजन से अपील

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलक्टर ने बताया कि चूरू जिले में पेट्रोल पंपों पर सुचारू एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। सभी तेल विपणन कंपनियां एचपीए बीपी व आईओसीएल भी स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है। जिले में किसी भी प्रकार की कमी या ड्रॉप आउट की स्थिति नहीं है। जिला कलक्टर ने आमजन से किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से एलपीजी सिलेंडरों व पेट्रोल-डीजल का भंडारण स्टॉक न करें तथा किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## ब्राइट फ्यूचर एकेडमी ने रचा कीर्तिमान

निसं

**गुढ़ा ( नवयत्न )।** गुढ़ा गौड़जी क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए ब्राइट फ्यूचर एकेडमी ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक 99.33 प्रतिशत अंक खुशबू गोदारा पुत्री श्रीराम गोदारा, काव्या पुत्री गोविंद प्रसाद टेलर ने 99 प्रतिशत, रक्षिता ढाका पुत्री मुकेश कुमार ढाका ने 98.83, कीर्ति कुलहरि पुत्री राजूराम ने 98, सुरेंद्र सिंह पुत्र छैलू सिंह ने 96, चंदू पुत्री लीलाधर ने 95.83 तथा नेहा पुत्री जयसिंह मीणा ने 95.33 अंक लाकर शानदार परिणाम हासिल किया है। इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्कूल संचालक नाहरसिंह गिल व प्रबंधक निदेशक अनीता गिल ने बताया विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया बल्कि संस्था की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण को दिया जा रहा है। विद्यालय से रविन जाखड़ एवं समस्त स्टाफ ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सभी के संयुक्त प्रयासों का फल है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि ब्राइट फ्यूचर एकेडमी आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## हनुमान जन्मोत्सव : कन्हैया मित्तल एक अप्रैल को झुंझुनू में

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** चूरू बाइपास स्थित श्री बन्धे का बालाजी मन्दिर में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इसमें पहले दिन 1 अप्रैल को नामी भजन गायक कन्हैया मित्तल चण्डीगढ़ वालों का कार्यक्रम होगा। मन्दिर ट्रस्ट के नरेशचन्द्र गाडिया ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में 1 अप्रैल को विशाल भजन संध्या होगी। इसमें विख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल भक्ति संगीत का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर के मुख्य ग्राउंड में मंच तैयार करने और दर्शकों के बैठने के लिए ट्रस्ट द्वारा बेहतरीन व्यवस्थाएं की जा रही है। इस कार्यक्रम को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम में दर्शकों के उत्साह के देखते हुए मंदिर परिसर में इस बार पार्किंग की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है। चूरू रोड से लगते मुख्य द्वार के उत्तर व दक्षिण दिशाओं में वाहन पार्किंग के लिए बड़े-बड़े दो ग्राउण्ड तैयार कराए गए हैं। यहां पर शहर के लोग तथा दूरदराज से आने वाले भक्तजन अपने वाहन खड़े कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर को रंग-रोगन कर नया कलेवर दिया गया है। सुजानगढ़ के डेकोरेटर लाइटिंग के माध्यम से मंदिर परिसर को चार चांद लगाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जी जान से जुट गए हैं।

## एसबीएन स्कूल ने मारी बाजी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी 10वीं के परीक्षा परिणाम में एसबीएन सीसै स्कूल ने 10वीं बोर्ड में बाजी मारी है। निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल व सचिव प्रदीप धायल ने बताया कि श्रेष्ठा धायल ने 98.50, अनुराग जांगिड़ ने 96.67, गुंजन सैनी ने 96, तनुष्का सैनी ने 95.83, तपन सामोता ने 95.17, देवराज ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य सागर मल ने बताया कि कुल 117 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया।

# आओ एकजुट होकर, क्षय रोग को जड़ से मिटाए

## क्षय रोग दिवस पर जनजागरूकता रैली निकालकर दिया संदेश

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला मुख्यालय पर मंगलवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्रात: 9 बजे टीबी क्लीनिक, श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय परिसर में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही जिले में 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने ज्यादा से ज्यादा जन जागरूकता व जन भागीदारी बढ़ाकर टीबी रोग को जड़ से खत्म करने पर जोर दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने 100 दिवसीय अभियान के दौरान जिले की समस्त ग्राम पंचायतों की वल्नरेबल आबादी की टीबी स्क्रीनिंग कर जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। श्री कल्याण अस्पताल की अधीक्षक डॉ प्रियंका अमन ने समय पर टीबी की जाँच एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। लोगों को रोग के बारे मे जागरूक रहने, क्षय रोग के लक्षण पाये जाने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाँच करवाने करवाने का आग्रह किया। रैली में स्वास्थ्य कर्मियों एवं नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। रैली में नर्सिंग विद्यार्थी हाथों में टीबी हारेगा, देश जितेगा जैसे नारे लिखी तख्तियां व बैनर लेकर चल रह थ। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस श्री कल्याण अस्पताल पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतन लाल जाट, डॉ सुरेश लाम्बा, डॉ राकेश दानोदिया, डॉ पी.आर. झारवाल, डॉ कैलाश जाट, श्रीविष्णु भारद्वाज, सुमन, मन्जु, राजेन्द्र सैनी, रामनिरंजन चौधरी, बीरबल सिंह अलोदा, जिला कार्यक्रम समन्वयक नरेन्द्र नागा, रोहित माथुर, नेमीचन्द भवरिया, अश्विनी पारीक, दीपेन्द्र माथुर, राजकुमार अटल, करनीराम चिराणिया, मुरारी लाल चौधरी, महावीर धींवा, रघुराज सिंह, सचिन माथुर, महिपाल सिंह, राहुल माथुर, अजीत चन्देलिया, प्रवीण महला, रामप्रकाश, गजानन्द सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये पुनः अस्पताल परिसर में पहुंचने पर समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को डॉ रतन लाल जाट द्वारा टीबी रोग के बारे में तथ्य, बचाव, सावधानी, निदान, उपचार पर जानकारी दी गई।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा की क्षय रोग पर नियन्त्रण पाने के लिए हम सभी को मिलकर युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे तथा यह प्रयास अन्तिम रोगी को खोज कर, उसका इलाज कर, ठीक करने तक जारी रखने होगें।

# रामनवमी शोभायात्रा को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अनूठी पहल

## पोस्टर का विमोचन कर पंपलेट वितरित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** श्री मानव सेवा संस्थान, सीकर द्वारा आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर एक विशेष और अनुकरणीय अपील जारी की गई है। संस्थान ने इस बार रामनवमी के पावन पर्व पर भक्ति के साथ-साथ प्रकृति के सम्मान और स्वच्छता का शंखनाद किया है। ?संस्थाध्यक्ष समाज सेवक भंवर लाल जांगिड़ ने शहर के समस्त व्यापारियों, दुकानदारों, सामाजिक संगठनों और शहरवासियों से विनम्र निवेदन किया है कि इस बार श्री रामनवमी शोभायात्रा को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए। प्लास्टिक मुक्त शोभायात्रा अभियान को लेकर आज संस्थान के पदाधिकारी तापड़िया बगीची से रवाना होकर स्टेशन रोड, जाट बाजार, घंटाघर, सुभाष चौक, बजाज रोड होते हुए व्यापारियों एवं शहरवासियों को प्लास्टिक मुक्त शोभायात्रा संदेश के पंपलेट वितरण किए। ? जांगिड़ ने कहा प्रतिवर्ष रामनवमी शोभायात्रा में जल व्यवस्था करने वाले सभी शहरी व्यापारी, सामाजिक संगठनों व सेवादारों से मेरा हाथ जोड़ निवेदन है कि जल की व्यवस्था मटके व ड्रम से कर जग, कागज के कपों व बोतलों से पानी पिलाएं इस पहल का मुख्य उद्देश्य श्री रामलला जन्मोत्सव पर शहर को स्वच्छ रखना और बेजुबान पशुओं, विशेषकर गौमाता को प्लास्टिक के घातक दुष्प्रभावों से बचाना है। प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप और जल की थैलियों का उपयोग बिल्कुल न करें। शोभायात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाले किसी भी कचरे को केवल निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें। जल, फ्रूटी, सॉफ्ट ड्रिंक या अन्य पेय पदार्थों को श्रीराम भक्तों में बोतलों के माध्यम से वितरित करें। ष्हमारे द्वारा अनजाने में फेंका गया प्लास्टिक गौमाता के लिए जानलेवा बन जाता है, जिससे हम अनजाने में पाप के भागी बनते हैं। आइए सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग कर कपड़े के थैलों को अपनाएं। हमारी यह छोटी सी पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ा उपहार साबित होगी। संस्थान ने प्लास्टिक मुक्त शोभायात्रा अभियान में जुड़ने का आह्वान किया है ताकि सीकर को एक सुंदर, स्वच्छ और हरित शहर बनाया जा सके। इस दौरान संस्था संरक्षक ओमप्रकाश पुरोहित, मंत्री टोडरमल फोगावट, मुकेश चन्दपुरा, महावीर योग गुरु, राजकुमार सैनी, बोदूराम दिनारपुरा, भीवाराम सहित अन्य मौजूद रहे।

## कक्षा नौ की 24 छात्राओं को मिली साइकिलें



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पपुरना की पीएमश्री शहीद भगवानसिंह राउमावि में राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत 9वीं क्लास की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजयदेव गुर्जर थे जबकी अध्यक्षता सीबीईओ अनुकंपा अरड़वातिया ने की। मुख्य अतिथि संजयदेव गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा छात्राओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं सराहनीय हैं। अनुकंपा अरड़वातिया ने बताया कि छात्राओं को साइकिल मिलने से शिक्षण कार्य में अधिक समय दे सकेंगी। प्रधनाचार्य राजेश धाबाई ने बताया कि कक्षा नौ की 24 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई है, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को स्कूल तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साइकिल लेकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

इस मौके पर आरपी विरेंद्र सिंह अवाना, प्रभारी राजेंद्र कुमार योगी सहित स्कूल स्टॉफ एवं अभिभावक मौजूद थे। संचालन सरजीत कुमार ने किया।

## सीसीए नए रिकॉर्ड के साथ फिर शिखर पर



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा जारी कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में सीसीए शिक्षण संस्थान समूह रींगस ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाते हुए शिखर पर स्थान हासिल किया है। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व सह निदेशक कविता सक्सेना ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 के परिणाम में छात्रा सिम्स पुत्री मुकेश निठारवाल ने 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। संस्थान के 12 छात्र-छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं वही 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। संस्थान के 203 में से 86 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर जिले में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। संस्थान के झाबर निठारवाल ने बताया सीसीए शिक्षण संस्थान प्रतिवर्ष अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नए रिकॉर्ड बनाते हुए नए आयाम स्थापित करता जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान में जश्न का माहौल रहा।

इस अवसर पर संस्थान के कृष्ण कुमार छिपा, मंजू राठौड़, रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र महला, रेखा चौधरी, अर्जुन राजोरिया, प्रदीप सैनी, भागचंद कुमावत सहित सभी स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

## साई बाबा का भंडारा कल

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित श्री साई बाबा मंदिर में रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर मंत्री विमल शर्मा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर गुरूवार सुबह साई बाबा का अलौकिंक श्रृगांर कर, विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन होगा।

# राजस्थान पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल टॉपर साक्षी पुत्री मुकेश कुमार ने 98.33 प्रतिशत व आकांशा कुमारी, अंकुश मीणा, चेतना, खुशी, निखिल, साहिल, खुशी, मुस्कान, दिव्या शर्मा को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रागंण में तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर अभिभावकगण के साथ मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाऐं की। उन्होंने ने ऐसे ही उत्कृष्ठ परिणाम देकर अपना, अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार, गुरूजन, माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद है। साक्षी भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। सहायक अभियन्ता ज्योति ढूकिया व प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रांगण डीजे बजाकर एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुकेश कुमार, सीताराम, सम्पत, ललीता, सुनिल, शेर सिंह, खुशवंत, आर्यन, हर्षिता, कंचन सहित अभिभावकगण मौजूद रहे। प्राचार्या निधि सिहाग, आदित्य ढूकिया, राकेश झाझड़िया, मंगलाराम जांगिड, सुधीर शर्मा, योगेन्द्र बसेरा, पवन कुमार, सुभाष सैन, दिनेश कुमार, सुनील मील, हीरा सिंह, मनीष सैनी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### वीबी-जी राम जी वीडियो चैलेंज व क्विज प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए 15 दिन की बढ़ोतरी

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत-जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन के तहत संचालित प्रतियोगिताओं मे 15 दिन का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है। युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 60 सेकंड्स फॉर माई विलेज राष्ट्रीय वीडियो/रील चैलेंज एवं एक्ट क्विज प्रतियोगिता की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वीडियो चैलेंज की अंतिम तिथि 21 मार्च तथा क्विज प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 23 मार्च थी, जिन्हें अब आगे बढ़ाया गया है, जिससे अधिक से अधिक युवा इस अभियान से जुड़ सकें। यह राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान माई भारत पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को विकास एवं आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें क्रिएटिव मंच प्रदान करना है। इसके तहत वीबी-जी राम जी लोगो डिजाइन प्रतियोगिता भी आयोजीत की जा रही है जिसमें चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो का डिजाइन करने वाले विजेता को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# वर्धमान स्कूल ने फिर दिया ऐतिहासिक बोर्ड परीक्षा परिणाम




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** 24 मार्च 2026 को जारी हुए माध्यमिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल, बजाज रोड, सीकर ने फिर से शानदार परीक्षा परिणाम दिया। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा में नीतिशा वर्मा पुत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऐतिहासिक परिणाम दिया। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 71 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की कुल 76 विद्यार्थियों में से 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। संस्था के सचिव संजय संगही ने बताया कि कृति काबरा ने 98.17, हिमांक्षी शर्मा ने 97.50, दक्ष जैन ने 97.17, रिया टेलर ने 96.67, तनिष्क रूंथला ने 96.50, आदित्य शर्मा ने 96.33, अक्षत जैन ने 96.17, माहीन कुरैशी 96.17 एवं येशु अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था प्रधान डॉ. मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने इतिहास दोहराते हुए शत प्रतिशत परिणाम देते हुए अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम आने पर स्कूल में विद्यार्थियों को तिलकार्चन कर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण, अभिभावकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। शत प्रतिशत परिणाम आने पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा।

# टीबी उन्मूलन समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी, हम मिलकर निभाएं सक्रिय भागीदारी : सहारण

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ किया और टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भामाशाह व कार्मिकों को सम्मानित किया। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि टीबी एक ऐसी बीमारी है, जिसकी यदि समय पर पहचान हो जाए तथा नियमित उपचार लिया जाए तो रोगी पूर्णत: टीबी मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन बनाकर ही हम इस बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और उपचार को बीच में न छोड़ें। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आन्दोलन के रूप में लें और अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के साथ अधिकतम टीबी रोगियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि यह 100 दिवसीय विशेष अभियान जिले में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को नई गति देगा। स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन एवं समाज के सहयोग से हम लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संदिग्ध मरीजों की जांच सुनिश्चित करें तथा उपचाराधीन मरीजों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 227 हाई रिस्क गांवों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे एवं बलगम की जांच की जाए। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश ने अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले 227 हाई रिस्क विलेज में टीबी स्क्रीनिंग व आईईसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अतिथियों ने टीबी कार्यक्रम में सहयोग हेतु भामाशाह भगवती प्रसाद, पवन कुमार बंसल, धमेन्द्र चिन्डालिया, लॉयन्स क्लब रतनगढ़ वेस्ट आदि को सम्मान-पत्र सौंपा तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 46 कार्मिकों को सम्मानित किया। भामाशाह भगवती प्रसाद ने 20 एमडीआर मरीजों को दवाईयां भेट की। इस दौरान डीपीसी मोहम्मद आसिफ, चिन्तन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** पुलिस थाना में रामनवमी एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सीएलजी, शांति समिति एवं ग्राम रक्षक सदस्यों की एएसआई ओमप्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में रामनवमी पर्व पर निकलने वाले शोभायात्रा के रूट की चर्चा की गई। पुलिस ने सौहार्द के साथ रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की। सभी समुदाय के लोगों ने सहयोग एवं शांति व्यवस्था में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर थाना एचएम दिलीप सिंह, हैड कांस्टेबल नाहर सिंह, कांस्टेबल शीशराम, कांस्टेबल मनोज, चंद्रपाल दूलड़, प्रमोद पचलँगिया, दिलीप मीणा, मुकेश पारीक डूंडलोद, हुसैन खान कायमखानी डूंडलोद, मनीष शर्मा, बजरंग कुमावत, सुरेंद्र कुमावत, रतन लाल प्रजापति, सुरेंद्र पोरवाल, गोविंद शर्मा, संतोष शर्मा, गोपीचंद शाह, प्रभु दयाल शर्मा, रामप्रताप सैनी, संपत कुमार, सतपाल सिंह शेखावत, राजेन्द्र कुमार, मोहम्मद हुसैन, राजपाल दूलड़, संपत शर्मा, प्रमोद धाभाई, इकबाल खोखर, बबलू शर्मा मौजूद रहे।

# मेले में लिए 81 सैम्पल, 13 अमानक व 3 अनसैफ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभाग की ओर से 21 फरवरी से 1 मार्च तक खाटूश्यामजी के लक्खी मेले में कार्रवाई करते हुए 81 खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिए थे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशन में खाटू मेले के दौरान शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य वस्तुओं में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मेला अवधि के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खाद्य वस्तुओं के 81 सैम्पल लिए। इनमें से 69 की रिपोर्ट खाद्य जन प्रयोगशाला जयपुर से प्राप्त हुई। इनमें से 13 अमानक तथा 3 सैम्पल की रिपोर्ट अनसैफ आई है। उन्होंने बताया कि 12 सैम्पलों की रिपोर्ट खाद्य जन प्रयोगशाला जयपुर से अभी प्राप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि अवधि में मावा के 26 सैम्पल लिए गए। इनमें से एक सैम्पल की रिपोर्ट अमानक आई है। वहीं दूध के आठ, दूध से निर्मित खाद्य वस्तुओं के 21 सैम्पल लिए गए। इनमें चार की रिपोर्ट अमानक आई है। वहीं घी, तेल के आठ सैम्पल लेकर खाद्य जन प्रयोगशाला जयपुर भेजे गए थे, इनमें से एक की रिपोर्ट अमानक प्राप्त हुई है। वहीं पनीर के पांच सैम्पल प्रयोगशाला भेजे गए और पांचों ही जांच में अमानक पाए गए। वहीं अन्य खाद्य वस्तुओं के चार और मसाला के नौ सैम्पल लिए गए थे। मसालों के सैम्पलों में दो की रिपोर्ट अमानक और तीन सैम्पल जांच के दौरान अनसैफ पाए गए। अमानक व अनसैफ रिपोर्ट आने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव 30 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव 30 मार्च 2026 को होने जा रहे है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि 23 एवं 24 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हुई। क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के 15 पदों के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्र प्राप्त हुए। अध्यक्ष के एक पद के लिए अभय जोशी, मुकेश कुमार मीणा, रूपेश कुमार टिंकर, रोहित सोनी एवं उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए ओमवीर भार्गव, डॉ मोनिका शर्मा, मणिमाला शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत और महासचिव के एक पद के लिए अभय सिंह, राजकुमार शर्मा जकड़ी, रामेन्द्र सोलंकी, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए अनिल त्रिवेदी, नमोनाराण अवस्थी, शालिनी श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कार्यकारिणी के दस पदों के लिए अनिता शर्मा, ओम प्रकाश गोयल, उमंग माथुर, छगन लाल शर्मा, डॉ सैयद शाहनवाज अली, धूलीलाल मीणा, निखलेश शर्मा, मतीष पारीक, महेश आचार्य, मुकेश शर्मा, राजीव सिंह भाटी, लोकेन्द्र सिंह फौजदार, विकास आर्य, संजय गौतम, संतोष कृष्ण शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, संदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह चौहान, ज्ञानेन्द्र मिश्रा के नामांकन पत्र प्राप्त हुए। शेखावत ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 25 मार्च को होगी। वहीं नाम वापसी 26 मार्च को सायं 5 बजे तक है। मतदान 30 मार्च 2026 को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक रजिस्टर्ड कार्यालय नारायण सिंह सर्किल पर होंगे। निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग के लिए धर्मेन्द्र शेखर, अजय चौहान, मनोज शर्मा, अजीत शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, अजय सिंह राठौड़, नरेन्द्र सिंह, अरविन्द भूटानी, अजय मिश्रा, मुकेश पारीक को शामिल किया है।

# जसवंतगढ़ की बेटियों का कमाल

## नेशनल में ब्रोंज कमाया, स्टेट लेवल पर भी परचम लहराया



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जसवंतगढ़ क्षेत्र के कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने खेल जगत में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में स्कूल की होनहार खिलाड़ी ममता शर्मा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मेडल अपना नाम कमाया। वहीं तमन्ना खान और परवेज खान ने स्टेट लेवल प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। तीनों खिलाड़ियों की मुख्य मार्गों से रैली निकाली गई जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। गांववासियों ने रैली में छात्राओं का साफा और मालाओं से अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक अजय सोनी ने बताया कि स्कूल की छात्राओं ने कठिन मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों के कोच ने बताया कि छात्राओं ने प्रतिदिन करीब छह घंटे अभ्यास कर यह सफलता हासिल की है।

# जीरो डोज व नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जीरो डोज टीकाकरण कार्यक्रम एवं नियमित टीकाकरण जागरूकता के लिए धर्मगुरुओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। यूनिसेफ तथा अर्पण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुई कार्यशाला की अध्यक्षता जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने की।

कार्यशाला में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करता है। समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने में जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रभावशाली व्यक्तियों से अपील की कि वे टीकाकरण से हिचकिचाने वाले परिवारों तक भरोसेमंद संदेशवाहक बनकर पहुँचें तथा 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव के इस कार्यक्रम को सशक्त बनाएं। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी किरण सैनी, डीडी आईसीडीएस सुनील जागीर, रैवासा धाम महाराज राजेंद्रदास महाराज, खींवा आश्रम के मनोहर दास महाराज, मौलाना शकील, महाराज परमानंद, यूनिसेफ कंसल्टेंट डॉ रियाददीन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ अंकुर सागवान, डीपीएम प्रकाश गहलोत, जिला कोऑर्डिनेटर फिरोज फात्मा, बीसीएमओ डॉ कुलदीप दानोदिया, बीपीएम प्रदीप मीणा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित जाखड़, नीतू शर्मा, शिवनारायण, चुन्नीलाल सहित सीकर शहर तथा फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, कूदन एवं दांता ब्लॉक के धार्मिक नेताओं एवं प्रभावशाली व्यक्ति मौजूद रहे।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर 28 को करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 28 मार्च को दोपहर 11:30 से 01:30 बजे तक पुलिस थाना बस्सी में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान बस्सी सर्किल के बस्सी, कानोता एवं तुंगा थानों के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर और भांकरोटा थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# ई-मित्र केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आमजन को सरकारी सेवाओं का सुगम लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत के निर्देश पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लाडनूँ क्षेत्र के ई-मित्र केंद्रों का तकनीकी टीम ने औचक निरीक्षण कर नियमों की अवहेलना करने वाले संचालकों पर कार्रवाई की। जिला कलेक्टर के निर्देशन में प्रोग्रामर योगेश कुमार वर्मा, सहायक प्रोग्रामर पप्पू सिंह, सहायक प्रोग्रामर सुनील कुमार सूचना सहायक की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में ई-मित्र केंद्रों का निरीक्षण किया। लाडनूं, मीठड़ी रोडू कसुम्बी, रींगन क्षेत्र के 20 ई-मित्र केंद्रों की जांच के दौरान 4 ई मित्र बंद पाए गए।

कई ई-मित्र केंद्रों की अनियमितताएं सामने आईं। टीम ने संबंधित संचालकों को कड़े निर्देश देने के साथ ही नियमानुसार 5000 से अधिक की राशी की शास्ति आरोपित करते हुए भविष्य में सुधार के निर्देश प्रदान किये गए।

# कौशल एवं उद्यमिता विकास का दिया प्रशिक्षण

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** मनभरी देवी बीएड कॉलेज, चनाना के परिसर में छात्राओं के उज्वल भविष्य और उनके कौशल संवर्धन को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम के सदस्य प्रदीप सिंह राठौर सॉफ्ट स्किल ट्रेनर, रविन्द्र कुमार और प्लेसमेंट ऑफिसर पवन कुमार मोबिलिजेर शिवानी टेलीकॉलर आदि ने छात्र-छात्राओ को अपने-अपने विषय में पारंगत हुनर की वृहद जानकारी बच्चों को दी। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रख कर बच्चों के कौशल संवर्धन को लेकर विशेष मार्गदर्शन प्रशिक्षण के कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पहलुओं पर अपने विचार रखे। प्रदीप सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्किल डेवलपमेंट, सॉफ्ट स्किल्स, मोटिवेशन, व्यक्तित्व विकास और टाइम मैनेजमेंट जैसे अहम विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आत्मविशस के साथ जीवन में आगे बढ़ने के गुर सिखाए। उसके बाद पवन कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उपयोगी प्रशिक्षण हुनर हुनर्स और कोर्सेज की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शिवानी टेलीकॉलर ने युवाओं और छात्र-छात्राओं का उचित मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उनके बेहतरीन करियर काउंसलिंग जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्राचार्य विद्याधर को फटका पहनाकर उत्साह वर्धन किया। बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ रमेश, इंजीनियर सुमेर, विकाश सीगड़ा एवं रणवीर सिंह इन सभी का फटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रशांत, जितेन्द्र, सुरेन्द्र, राजकुमार, रामस्वरूप, पवन, अंजू, सुधिरा, अभिलाषा आदि समस्त स्टाफ का सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ विद्याधर ने सभी ट्रेनरों द्वारा दी गयी जानकारी के लिए एक एक इंडीकेटर्स को विस्तार में अपने संबोधन में समझाया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही, जिन्होंने इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला का पूरा लाभ उठाया।

# मेवता बने डॉक्टरेट, भौतिक शास्त्र में हासिल की पीएचडी की उपाधि

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सीकर जिले के धोद ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अर्जुनपुरा में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत दिलावरपुर, झुंझुनू निवासी कन्हैया लाल मेवता ने भौतिक शास्त्र विषय में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ मेवता ने ऑप्टिमाइजेशन ऑफ सोलर सेल इफिशिएंसी बाय ट्यूनिंग होल इंजेक्शन एंड लेयर थिकनेस ऑफ थिन फिल्म्स विषय पर शोध कार्य किया। यह शोध उन्होंने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बलराम त्रिपाठी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ मेवता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शोध गाइड के साथ-साथ माता श्रवणी देवी, पिता महावीर प्रसाद मेवता, पत्नी नूपुर, परिवारजनों और मित्रों को दिया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर की तैयारियां प्रारंभ

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा राजेंद्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा आगामी बुधवार, 1 अप्रैल 2026 को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 79 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# टीबी मुक्त भारत बनाने की ली शपथ

निसं



**लक्ष्मणगढ़ ( नवयत्न )।** ब्लॉक कार्यालय में विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक बीसीएमओ डॉ राजेश शर्मा, जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ अटल भास्कर, जिला अस्पताल के उप नियंत्रक डॉ शीशराम, बीपीओ विकास तुनवाल, बीएचएस योगेश कुमार सैनी, रामचंद्र ढाका एवं आशा सहयोगिनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे। बीपीएम विकास तुनवाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश में क्षय रोग की वर्तमान स्थिति एवं सामुदायिक भागीदारी के बारे में बताया। उप नियंत्रक डॉ शीशराम ने टीबी उन्मूलन के लिए आगामी दिवसों में फील्ड स्तर पर किये जाने वाले कार्यो के बारे में आशा सहयोगिनियों को जानकारी दी तथा साथ ही 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के वैक्सीनेशन की जानकारी दी। जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ अटल भास्कर ने टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी सैंपलिंग, जांच सहित अस्पताल में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में बताया। बीएचएस रामचन्द्र ढाका ने क्षय रोग के लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी एवं 100 दिवसीय कार्यक्रम में किए जाने वाली स्क्रीनिंग के बारे में बताया एवं समस्त रिपोर्टिंग का कार्य निक्षय पोर्टल पर करने के लिए पाबंद किया। इस मौके पर सीएचओ, एएनएम, आशा सहयोगिनियों ने टीबी मुक्त भारत की सामूहिक शपथ ली एवं प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही आरबीएसके वाहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में भी टीबी मुक्त भारत अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करने पर बल दिया।

# चनाना पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शानदार

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना पब्लिक स्कूल चनाना की छात्रा प्रियांशी पुत्री राधा कृष्ण केडिया चानना ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल स्थान प्राप्त किया। दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुल 37 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत प्लस अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया है। चनाना पब्लिक स्कूल की स्थापना 2010 में हुई थी उसके पश्चात लगातार उत्कृष्ट परिणाम संस्था द्वारा दिए जा रहे हैं। संस्था की प्रियांशी पुत्री राधा कृष्ण केडिया ने 95.83, रिया कुमारी पुत्री विनोद कुमार ने 94.50, स्वास्तिक शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा 94.33, मनीता चौधरी पुत्री अजीत सिंह ने 93.83, सिमरन/शब्बीर खान ने 93.66, पलक झाझरिया/धर्मवीर सिंह ने 93.50, नीलम कुमारी/सुभाष चंद्र 93.33, पलक/नरेंद्र सिंह ने 93.33, विवेक/रितेश कुमार ने 93.33, पूजा कुमारी/विजय कुमार ने 93.16, दक्षा/सुनील कुमार जांगिड़ ने 93, रुचिका स्वामी/मुनेष कुमार ने 92.33, सोनाक्षी/नागरमल ने 92.33, निशु/सुरेश कुमार ने 92.16, खुशी/सुरेंद्र काजला 92, प्रिया काजला/मुकेश कुमार ने 91.83, नितिन कुमार काजला/वीरेंद्र काजला 90.33, पुलकित/संदीप कुमार ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विद्यालय में विद्यार्थियों, अभिभावकों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। जिसमें संस्था के निदेशक राजकुमार मूंड, प्रधानाचार्य मनजीत सिंह गजराज, सुशीला मूंड, सरिता गजराज, गरिमा मूंड, प्रतीक मूंड, वरिष्ठ व्याख्याता जगराम सिंह सिराधना, संदीप मील, भवेनेश कुमार, गौतम कुमार, कृष्ण चौधरी, रवि कुमार, प्रियंका जांगिड़, जयललिता, कोमल कुमारी सैनी, संगीता कुमारी, मंजू कुमारी, नवरंग राम, केकैयी, सोनू कुमारी, अमन मूंड, आदिल कुमार, अभिषेक कुमार स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। अभिभावक राधा कृष्ण केडिया, नेकीराम कसवां, मनीष कुमार स्वामी, विनोद कुमार, नागर मल, श्रीमत अंजू देवी स्वामी आदि अभिभावक उपस्थित थे। डीजे पर डांस करके विद्यार्थी और अभिभावक, स्टाफ सदस्यों ने खुशी का इजहार किया।

# बेरोजगार युवाओं के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण क्लास का शुभारम्भ



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** अगर आप अपने भविष्य को एक नई दिशा देना चाहते हैं या अच्छी नौकरी की तलाश में हैं तो ये खबर आपके लिए बेहद खास है। जसवंतगढ़ के श्री सूरजमल तापड़िया आचार्य संस्कृत कॉलेज में कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनने के लिए फ्री ट्रेनिंग क्लासेज शुरू की गई हैं। सरकार के द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से श्री सूरजमल तापड़िया आचार्य संस्कृत कॉलेज में कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव के लिए तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा है। ट्रेनर जगदीश ने बताया कि इस प्रशिक्षण की खास बात यह है कि इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सौ प्रतिशत रोजगार की गारंटी दी जा रही है। इस कोर्स में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का कम से कम दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क रखी गई है। संस्कृत कॉलेज प्रिंसिपल डॉ हेमंत कृष्ण मिश्र द्वारा इसमें विशेष सहयोग दिया जा रहा है।

# महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता, झुंझुनू में पिंक टॉयलेट शुरू

संजय सोनी


**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगर परिषद झुंझुनू द्वारा पंचदेव मंदिर के पास स्थित नए प्राइवेट बस स्टैंड पर बजट घोषणा 2024-25 के तहत 21.24 लाख रुपये की लागत से निर्मित महिला पिंक टॉयलेट का लोकार्पण विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने जनसमूह की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, नगर परिषद से आयुक्त देवीलाल बोचल्या, रविन्द्र कुमार मीणा, सावित्री देवी मौजूद रहे वहीं निवर्तमान पार्षद भी उपस्थित रहे। विधायक भाम्बू ने इस दौरान कहा कि बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों एवं आसपास के धार्मिक स्थलों से महिलाएं आती हैं लेकिन अब तक उनके लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। इस समस्या को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ बजट में महिला पिंक टॉयलेट की घोषणा की गई थी, जिसे समय पर पूर्ण कर अब आमजन को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी और झुंझुनू शहर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी। नगर परिषद आयुक्त बोचल्या



ने बताया कि विधायक ने शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस पर नगर परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया।

# सरस्वती पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शानदार

निसं



**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे की सरस्वती पब्लिक स्कूल का फिर एक बार दसवीं परीक्षा परिणाम में दबदबा रहा कायम। विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने नीमकाथाना नगर में उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र राहुल अग्रवाल ने 98.5, सिद्धार्थ मीणा ने 97.67, वंशिका सोनी ने 96.67, पीहू ने 95, जिया ने 93.67, जेसिका ने 92.83, योगेश्वरी ने 92, कुंदन कुमावत ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

## सम्पादकीय

# विरोधाभासी ट्रंप



ईरान पर भीषण हमले करने की धमकियां देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह यकायक पांच दिन तक ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले रोकने की बात कही, वह उनके विरोधीभासी रवैये का नया प्रमाण ही है। उन्होंने गत दिनों ही यह धमकी दी थी कि यदि ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग नहीं खोला तो उसके बिजली संयंत्रों को तबाह कर दिया जाएगा।

इस पर ईरान ने चेताया था कि यदि ऐसा हुआ तो उक्त जल मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और बिजली संयंत्रों की मरम्मत होने तक उसे खोला भी नहीं जाएगा। इसके बाद ट्रंप ने ईरान से सकारात्मक बात होने और इसके नतीजे में उसके बिजली संयंत्रों और तेल एवं गैस ठिकानों पर अमेरिकी हमले पूरी तौर पर रोकने की घोषणा की। नि:संदेह यह राहत की बात होती, यदि ईरान ने उनके इस दावे पर सहमति जताई होती।

ट्रंप के दावे के विपरीत ईरान का कहना है कि अमेरिका से न तो कोई प्रत्यक्ष बात हुई और न ही परोक्ष। इसकी भी अनदेखी न करें कि चंद दिन पहले ही ईरानी विदेश मंत्री ने साफ कहा था कि अमेरिका से वार्ता के लिए कोई गुंजाइश नहीं, क्योंकि उसने धोखा दिया है। उनका आशय अमेरिकी प्रतिनिधियों से बातचीत के बीच इजरायल और अमेरिका के उन हमलों से था, जो 28 फरवरी को शुरू हुए।

माना जाता था कि पिछले वर्ष जून की तरह इस बार भी ईरान इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हमलों का अधिक दिनों तक सामना नहीं कर पाएगा, पर इन हमलों में अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं सैन्य अधिकारियों को खोने के बाद भी ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है।

उसने इजरायल के साथ ही खाड़ी के देशों को भी निशाना बनाकर युद्ध को एक नया विस्तार तो दिया ही, होर्मुज जल मार्ग बंद कर दुनिया भर में तेल एवं गैस का संकट भी खड़ा कर दिया। यह किसी से छिपा नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की इस आक्रामक युद्ध रणनीति का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे।

लगता है ईरान की चौतरफा जवाबी कार्रवाई और उसकी बढ़ी हुई मारक क्षमता देखकर ट्रंप को समझ नहीं आ रहा है कि वे क्या करें? कहीं वे इस युद्ध से निकलने की सम्मानजनक राह तो नहीं तैयार कर रहे हैं? जो भी हो, उनकी समस्या इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि एक ओर जहां ऊर्जा संकट की चुभन अमेरिका को भी महसूस होने लगी है, वहीं दूसरी ओर मित्र देश इस युद्ध में दखल देने को तैयार नहीं।

ट्रंप जो कुछ कह रहे हैं, उस पर भरोसा करना कठिन है। ईरान से कथित वार्ता उसे छलावा देने की उनकी चाल भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त यह तो जगजाहिर ही है कि वे अपने कहे से पलटने में माहिर हैं। उनका विरोधाभासी स्वभाव उन्हें अविश्वसनीय बनाने के साथ उनकी फजीहत ही कराता है।

## विशेष आलेख

# महिलाओं को लेकर डॉ कलाम का सपना अधूरा



देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम मशहूर रहे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज और अंततः एक अच्छे राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। जब महिला सुखी होती है, तो घर सुखी होता है। जब घर सुखी होता है, तो समाज सुखी होता है, और जब समाज सुखी होता है, तो राज्य सुखी होता है, और जब राज्य सुखी होता है, तो देश में शांति होती है और उसका विकास अधिक गति से होता है। देश महिलाओं की मौजूदा हालात को देखते हुए लगता यही है डॉ कलाम का यह सपना पूरा नहीं हुआ है। इस सपने को पूरा करने के लिए अभी शायद दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा।

भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहाँ वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दर्शाता है।

देश में महिलाएं अभी तक लिंगभेद का शिकार हैं। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराधों के ग्राफ बताते हैं कि उनकी तरक्की ऊंट के मुंह में जीरे से ज्यादा नहीं है। साल 2023 की राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 2023 में महिलाओं के खिलाफ 13,366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई में 6,025 और बेंगलुरु में 4,870 से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि साल 2022 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 13,21,745 अपराध दर्ज हुए। औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने राज्यसभा में पेश आंकड़ों के बताया कि ने घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई।

उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 1,88,207 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 1,31,958, राजस्थान 1,31,246, बंगाल 1,05,313 और मध्य प्रदेश में 95,780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 4,09,929 मामले तो वहीं अपहरण के 2,49,284 मामले सामने आए। गृह राज्य मंत्री बंदी ने बताया था कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है।

आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों (82%) की तुलना में केवल 18% है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42% ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4% की वृद्धि हुई है। हालाँकि, केवल 10% महिलाएं अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णय खुद ले पाती हैं। संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। 2024 में 800 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। फिर भी, वैश्विक स्तर पर यह भागीदारी अभी भी कम है।

लोकनीति-सीएसडीएस के 2019 के %महिलाएं और राजनीति% सर्वेक्षण के मुताबिक अधिकतर महिलाओं को रैलियों में जाने, उम्मीदवार से मिलने या चुनाव प्रचार करने के लिए परिवार की मंज़ूरी लेनी पड़ती है। 58 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि राजनीतिक परिवार से आने वाली महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश आसान होता है। जबकि 57 प्रतिशत का मानना था कि आर्थिक रूप से मज़बूत परिवारों की महिलाओं को बढ़त मिलती है। अपने सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचकर भी महिलाओं का लोकसभा में हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत ही रहा, जबकि मतदाताओं में उनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है।

1952 में पहली लोकसभा में सिर्फ़ 22 महिलाएं चुनी गई थीं। 1977 में तो यह संख्या घटकर 19 ही रह गई। एक बड़ा बदलाव 21वीं सदी में दिखा। साल 2009 में 59 महिलाएं सांसद बनीं, 2014 में यह संख्या बढ़कर 62 हो गई, और 2019 में यह ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 78 तक पहुंच गई। 2024 में यह थोड़ा घटकर 74 रह गई। राजनीतिक दल अक्सर कम टिकट देने को यह कहकर सही ठहराते हैं कि महिलाओं के जीतने की %संभावनाएं% कमज़ोर होती हैं। लेकिन सफलता का आंकड़ा इस दावे को सवालों के घेरे में डाल देता है। 1957 में 49 प्रतिशत महिला उम्मीदवार जीतीं, जबकि पुरुषों में जीत का प्रतिशत सिर्फ़ 33 प्रतिशत था। 1962 में महिलाओं की सफलता दर 47 प्रतिशत थी जबकि पुरुषों की सिर्फ़ 25 प्रतिशत। हाल के चुनावों में भी महिलाओं की सफलता दर बराबर या थोड़ा बेहतर ही रही। वर्ष 2019 में 11 प्रतिशत जीतीं, जबकि पुरुषों में यह दर 6 प्रतिशत थी। 2024 में महिलाओं की सफलता दर 9 प्रतिशत और पुरुषों की 6 प्रतिशत रही।

इन आंकड़ों से साफ़ है कि जब महिलाओं को टिकट मिलता है तो वे चुनाव जीत सकती हैं। चाहे महिलाएं अब वोटिंग में लगभग बराबरी पर हों, लेकिन असली राजनीतिक शक्ति और प्रतिनिधित्व अब भी सीमित है।

महिला आरक्षण बिल का पारित होना इस अंतर को कम करने का एक संरचनात्मक रास्ता ज़रूर खोलता है। आज भी 23% युवा महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती है, जो ग्रामीण और गरीब घरों में अधिक आम है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 46% है, हालांकि, उनकी प्रभावी भागीदारी कम बनी हुई है, खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसे उत्तरी राज्यों में, जहां अक्सर पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेने में हावी रहते हैं। इस प्रथा को उजागर करने और इसकी निंदा करने के लिए 'प्रधान पति' शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया है।

यह दर्शाता है कि किस प्रकार गहरी जड़ें जमा चुके लैंगिक मानदंड प्रगतिशील कानूनों को कमजोर कर सकते हैं ङ्क परिवार और समुदाय सत्ता में महिलाओं को देखकर असहज महसूस कर सकते हैं, इसलिए वे पुरुषों को पर्दे के पीछे रखकर पुराने मानदंडों को लागू करते हैं। महिलाएं अब सेना, अंतरिक्ष, खेल और व्यावसायिक नेतृत्व में नए मानदंड स्थापित कर रही हैं। स्व-सहायता समूह, डिजिटल साक्षरता और शिक्षा में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों से बदलाव आ रहा है। इस गति को बढ़ाने की जरूरत है।

## आज का राशिफल

**मेष**
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

**वृष**
स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कर्क**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**सिंह**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**तुला**
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**वृश्चिक**
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु**
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

**मकर**
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ**
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**मीन**
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# एक साथ खाएं अश्वगंधा और विदारीकंद पुरुषों को मिलेंगे यह अनोखे फायदे

पुराने जमाने में लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए तमाम तरह की आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करते थे। आयुर्वेदिक औषधियों के शक्तिशाली गुण शरीर को हेल्दी रखने से लेकर बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद भी बहुत ही शक्तिशाली जड़ी-बूटी हैं। इनका सेवन करने से शरीर की कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। अश्वगंधा में मौजूद गुण शरीर को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं विदारीकंद सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार समेत कई गंभीर इन्फेक्शन से छुटकारा पाने के लिए फायदेमंद औषधि मानी जाती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन रामबाण होता है। अश्वगंधा और विदारीकंद दोनों ही बारहमासी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका इस्तेमाल शरीर की कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों के इलाज में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पुरुषों की कई गंभीर परेशानियों में अश्वगंधा और विदारीकंद फायदेमंद होते हैं।



### स्पर्म काउंट बढ़ाने में फायदेमंद

खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के चलते पुरुष लो स्पर्म काउंट की परेशानी का शिकार हो जाते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने से लो स्पर्म काउंट की समस्या दूर होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से स्पर्म काउंट तेजी से बढ़ता है।

### इनफर्टिलिटी में फायदेमंद

लो स्पर्म काउंट कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से पुरुष इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या का शिकार होते हैं। बांझपन या इनफर्टिलिटी से छुटकारा पाने के लिए रोजाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करना चाहिए।

### शीघ्रपतन से छुटकारा

शीघ्रपतन पुरुषों में होने वाली आम यौन समस्या है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को घी के साथ खाने से बहुत फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर शीघ्रपतन से छुटकारा पा सकते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाए

टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन की कमी के कारण पुरुषों को सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी परेशानियों के अलावा कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

### इरेक्टाइल डिसफंक्शन ठीक करने में फायदेमंद

इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या ठीक करने में अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण कॉर्टिसोल को ठीक करने में मदद करते हैं।

# यह आदतें दिमाग को अंदर से कर देती हैं खोखला

सही तरीके से जिंदगी गुजारने के लिए ब्रेन का फिट रहना जरूरी है। क्योंकि यही वो पार्ट है जो शरीर के फंक्शन को कंट्रोल में रखता है। हर मोड़ पर फैसला लेने के लिए आपको दिमाग की ही जरूरत पड़ती है। ऐसे में इसका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। हालांकि हमारी रोजाना की कुछ खराब आदतें हैं जिसकी वजह से आपका दिमाग अंदर से खोखला हो सकता है।

### ब्लू लाइट

मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट ना सिर्फ आंखों के लिए खतरनाक है बल्कि इससे आपका कॉग्निटिव फंक्शन भी प्रभावित हो सकता है। दरअसल सोते वक्त जब आप फोन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन यानी की स्लीपिंग हार्मोन को प्रभावित करती हैं इससे नींद में गड़बड़ी होती है और नींद का खराब पैटर्न याददाश्त में कमजोरी,चिड़चिड़ापन, तनाव, जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।



### स्ट्रेस


स्ट्रेस आपकी मेंटल हेल्थ को बुरी तरह से प्रभावित करता है। तनाव लेने से कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ सकता है। ये हार्मोन याददाश्त को बुरी तरह से प्रभावित करता है। लंबे समय तक तनाव में रहने से आपको याददाश्त से जुड़ी बीमारी हो सकती है। तनाव लेने से आप डिप्रेशन में भी जा सकते हैं।

### अकेलापन

अकेलापन आपके दिमाग को खोखला कर सकता है। अकेलापन आपको भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचाता है आप अपने दिल की बात किसी से शेयर नहीं कर पाते हैं। इससे चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ता है। नकारात्मक सोच आप पर हावी होती है।

### ज्यादा मीठा खाना

जरूरत से ज्यादा मीठा खाने से ना सिर्फ आपको डायबिटीज की शिकायत होती है बल्कि आपका दिमाग भी कमजोर हो सकता है। दरअसल जब ब्लड शुगर का स्तर ज्यादा होता है उनका मस्तिष्क अच्छी तरह से काम नहीं कर पाता है इससे भूलने की बीमारी हो सकती है।



### एक्सरसाइज न करना

दिमाग को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ऐसे में जब आप कोई भी शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं तो ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर कम होती है इससे बौधिक क्षमताएं कम होती है।

# बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें?

बच्चों को सही परवरिश देना हर माता-पिता की पहली अहमियत होती है। आज के समय में जब सब कुछ डिजिटल उपलब्ध है, तो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्वसाथ्य पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं या लंबे समय तक इस पर समय बिताते है। बहुत से पेरेंट्स बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई बार जरूरी पोषक तत्व नहीं देते हैं। जिस कारण बच्चों की ग्रोथ पर असर पड़ता है। आज के समय में बच्चे प्रोस्सेड फूड्स का सेवन ज्यादा करना चाहते है। यह फूड्स के सेवन से बच्चों का वजन बढ़ाने के साथ कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा भी बढ़ता हैं। बच्चों का शारीरिक विकास ठीक ढंग से हो। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रोटन, कैल्शियम और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। साथ ही शरीर के विकास के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें।

**बच्चों को साफ-सफाई के बारे में बताएं :** बचपन से ही बच्चों को साफ-सफाई के बारे में अवगत कराना जरूरी होता है। ऐसे में बाहर से आने के बाद बच्चों का ठीक से हैंडवॉश कराएं। खाना खाने से पहले और बाद में बच्चों को हैंडवॉश की अहमियत बताएं। बच्चों के साथ खुद भी हाथ को अच्छ से धोएं। बच्चों को इस रूटिन के लिए जागरूक बनाएं। ऐसा करने से संक्रमण से बचाव होता है।

**समय पर टीकाकरण :** बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। साथ ही टीकाकरण बच्चे के शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**बच्चों के साथ बातचीत करें :** बच्चे के मानसिक विकास पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप उनसे खुले दिल से बात करें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें कि बच्चा बिना डरे आपसे हर बात शेयर कर सकें। बच्चा अगर कोई बात बता रहा हो, तो उसे टोके नहीं बल्कि उसकी बात को ध्यान से सुनें।

**आत्मविश्वास को बढ़ाएं :** ऐसा बहुत बार होता हैं कि बच्चा कुछ करना चाहता हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाता है। ऐसे में बच्चों को बताएं कि गलतियों से सीखें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

# लघु सिंचाई गणना कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को एनआईसी वीसी सभागार से वीसी के जरिए राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा की और समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में 07 वीं लघु सिंचाई गणना कार्य प्रगति पर है। सभी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार समुचित मॉनीटरिंग से इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें। सुनिश्चित करें कि इसमें ट्यूबवेल, नाड़ी, तालाब व अन्य समस्त सिंचाई साधनों को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इसी के साथ सीमाज्ञान, नामांतरण, खाता विभाजन आदि राजस्व कार्यों को प्राथमिकता व समयबद्धता के साथ निस्तारित करें। राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों में से प्राथमिकता तय कर समाधान करें। प्रत्येक उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र के नामांतरण एवं सीमाज्ञान, प्रकरणों की प्रत्येक तहसील स्तर पर साप्ताहिक मॉनीटरिंग करें उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी पेंशन सत्यापन, सिंचाई गणना, पंचायतीराज के कार्यों की गंभीरता से रिव्यू करें। अस्थाई निषेधाज्ञा को शीघ्र निर्धारित करें और तामील नहीं होने की स्थिति में खारिज करें। इसी के साथ 6 माह से अधिक कोई सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी का प्रकरण लंबित नहीं हो और नामान्तरण 30 दिन से अधिक का पेंडिंग न रहे। उन्होंने न्यायालय अनुभाग से संबंधित प्रकरणों, राजस्व अर्जन को लेकर जिले में आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने, प्राथमिक डिक्री, कुर्रेजात, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, न्यायालय शाखा के प्रकरणों, धारा 251 के रास्ते के प्रकरणों एवं तामीली से शेष प्रकरणों, अस्थाई व स्थाई निषेधाज्ञा, रूपांतरण, पंजीयन, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, राजस्व लेखा, नामांतरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की समीक्षा की गई। एडीएम अर्पिता सोनी ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए राजस्व प्रकरणों के समुचित निस्तारण व पालना रिपोर्ट भिजवाने की बात कही। इस दौरान चूरू एसडीएम सुनील कुमार, चूरू तहसीलदार अशोक गोरा उपस्थित रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# प्रतिभा की मिसाल बनी अक्षिता देरासरी

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र की होनहार छात्रा अक्षिता देरासरी ने कक्षा 10 की परीक्षा में 92.50 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षिता, भरत देरासरी की सुपुत्री एवं स्वर्गीय सुमेरमल देरासरी की पौत्री हैं। अक्षिता की इस शानदार सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अक्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और अपनी निरंतर मेहनत को दिया। उनका कहना है कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही यह उपलब्धि हासिल की जा सकती है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी अक्षिता की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# सेवा भारती का सर्वजातीय सामूहिक विवाह 25 अप्रैल को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेवा भारती जयपुर के तत्वावधान में श्री राम जानकी सर्वजातीय 15 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल जानकी नवमी के शुभ मुहूर्त में अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित होगा। सेवा भारती के सहकार मार्ग स्थित कार्यालय में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष विष्णु दत्त पुजारी ने अधिक से अधिक जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराने पर जोर दिया। बैठक में गिरधारी लाल शर्मा, रामबाबू अग्रवाल, कैलाश शर्मा, द्वारका प्रसाद, संजना अग्रवाल, डॉ. ओम प्रकाश भारती सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। विवाह सम्मेलन के संयोजक नवल बगडिया ने बताया कि 51 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 15 जोड़े तय हो चुके हैं। पंजीयन जारी है। सेवा भारती के मंत्री हनुमान सिंह भाटी ने बताया कि 14 वर्ष में 574 जोड़ों का वैदिक रीति से विवाह कराया जा चुका है। कोषाध्यक्ष हरि किशन गोयल ने बताया कि सर्व समाज के सहयोग से होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में जरूरतमंद परिवारों को सम्मान पूर्वक विवाह करने का अवसर प्राप्त होता है। सभी जोड़ों को गृहस्थी के लिए पचास से अधिक उपहार, कपड़े, आभूषण भेंट किए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। मौके पर ही विवाह प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। विवाह सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन के लिए 95290 40360 और 01412740799 पर संपर्क किया जा सकता है।

# प्रदेश की मैरिट में नंबर वन रहा लाडनूं का मोहसिन



**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के उर्दू विषय का परिणाम आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा पूर्व में दिनांक 21 नवंबर 2025 को जारी विचारित सूची में अस्थायी रूप से शामिल अभ्यर्थियों की पात्रता की गहन जांच एवं दस्तावेज सत्यापन संबंधित विभाग द्वारा पूर्ण किया गया। इस प्रक्रिया के पश्चात विज्ञापित पदों के विरुद्ध मेरिट के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की अंतिम सूची सोमवार को घोषित की गई है। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन 30 जून 2025 को किया गया था, जिसका परिणाम अब घोषित हुआ हुआ। जारी परिणाम में उर्दू विषय के कुल 20 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि में लाडनूं के लाल सैय्यद मोहसिन अली पुत्र सिकंदर अली ने पूरे राजस्थान मैरिट में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से लाडनूं सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। स्थानीय चीफ शहर काजी सैयद मोहम्मद मदनी अशरफी, मास्टर सैयद इकराम अली, अख्तर भाटी, सैयद अब्दुल कदीर, अबूबकर बल्खी, इंसाफखान, इरफान अली, सैयद आसिफ, मुहम्मद नदीम, अब्दुल वहीद, रिजवान अली सहित शिक्षाविदों एवं समाज के गणमान्य जनों ने मोहसिन को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बोर्ड परीक्षा परिणामों में परम श्रद्धा पब्लिक स्कूल का दबदबा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं, 8वीं और 5वीं के परीक्षा परिणामों में परम श्रद्धा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। स्कूल के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

## भारती सैनी ने किया टॉप

कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की होनहार छात्रा भारती सैनी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया बल्कि जिले की मेरिट सूची में भी अपनी जगह बनाई। वहीं विद्यालय की ही टीना सैनी ने 96.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी छात्रों का शतप्रतिशत परिणाम रहा।

## 8वीं और 5वीं का रहा शत-प्रतिशत परिणाम

10वीं के साथ-साथ कक्षा 8वीं और 5वीं के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन ग्रेडिंग प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने ए ग्रेड हासिल की है।

## जश्न का माहौल

विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय के अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सराहना करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# राम नवमी की पूर्व संध्या पर राजा राम का सजेगा राज दरबार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनवमी की पावन पूर्व संध्या पर बुधवार को चांदपोल बाजार स्थित पावन एवं प्राचीन धाम ठिकाना मंदिर श्री रामचन्द्र जी में प्रभु श्रीराम का भव्य राजसी दरबार सजेगा तथा अलौकिक महा-श्रृंगार के दिव्य दर्शन होंगे। इस शुभ अवसर पर प्रेम भाया मंडल सानिध्य में विशाल बधाई उत्सव का आयोजन भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। रामनवमी की पूर्व संध्या पर प्रभु श्रीराम का विशेष राजसी महा-श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें स्वर्ण आभूषण एवं रजत चाँदी आभूषण से प्रभु का दिव्य स्वरूप अलंकृत किया जाएगा। स्वर्ण मुकुट, कंठहार, कुण्डल, बाजूबंद एवं राजसी आभूषणों से प्रभु का भव्य श्रृंगार किया जाएगा, वहीं रजत से निर्मित सिंहासन, छत्र, चरण पादुका एवं दरबार की विशेष सजावट की जाएगी। स्वर्ण एवं रजत की दिव्य आभा से सजा प्रभु का राजसी दरबार श्रद्धालुओं को अयोध्या के राजदरबार की अनुभूति कराएगा और सम्पूर्ण मंदिर परिसर दिव्य प्रकाश एवं फूल माला और भक्ति भाव से आलोकित हो उठेगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, बंदनवार, रंगोली एवं विशेष रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही भजन-कीर्तन, मंगलगान, संकीर्तन एवं बधाई गायन का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुजन प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की मंगल बधाइयाँ गाएँगे। प्रेम भाया मंडल सानिध्य में आयोजित यह विशाल बधाई उत्सव श्रद्धा, भक्ति, प्रेम एवं सनातन संस्कृति की पावन परंपरा का दिव्य संगम होगा। महंत नरेंद्र तिवाडी ने बताया श्री रामनवमी के दिन पूरे दिनभर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाम को महाआरती में मुख्य अतिथि के रुप में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे ।

# परीक्षा परिणाम रहा शानदार



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें रतनगढ़ की केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 5 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के वेद प्रकाश सैनी ने 98.50, राधिका ढाका ने 96.83, भवानी शंकर ने 95.67, आईना ने 95.17 व चैतन्य ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ ओम प्रकाश गोदारा ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# गूंजी बालकांड व अयोध्या व अरण्य कांड की चौपाइयां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नवरात्रा के अवसर पर श्री राधे रानी प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में नेहरु नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में चल रहे 31वे नवान्ह पारायण महोत्सव के तहत मंगलवार को अयोध्या कांड की 90 व अरण्य कांड की 29 चौपाइयों के पाठ हुए। इस दौरान जोगवहिं जिन्हहि प्रान की नाई, महि सोवत तेइ राम गोसाईं, पिता जनक जग बिदित प्रभाऊ, ससुर सुरेस सखा रघुराऊ, मंगल भवन अमंगल हारी, जैसी चौपाइयों की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान होता रहा।

आयोजन से जुड़े सुभाष खंडेलवाल व लोकेश पाराशर ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से रामस्वरूप नाटाणी ने एक बानि करुनानिधान कीएसो प्रिय जाकें गति न आन की, होइहैं सुफल आजु मम लोचन, देखि बदन पंकज भव मोचन, जैसी चौपाइयों का पाठ किए। यह पाठ 251 आसनों पर हुए। इस दौरान प्रभु श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। पाठ 27 मार्च तक रोजाना साम 6 बजे से होंगे।

# बोर्ड परीक्षा में टैगोरियंस ने फिर फहराया सफलता का परचम

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं, 8वीं एवं 5वीं के परीक्षा परिणाम में टैगोरियंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा अंशु काजला ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं सानवी 97.50 प्रतिशत, अंकिता 95.17 प्रतिशत, निकिता 94.83 प्रतिशत, मनीष कुमार 94.67 प्रतिशत, विनीता सैनी 94.50 प्रतिशत, ओवी लोहान 94.33 प्रतिशत, अनुप्रिया लोहान 92.00 प्रतिशत, नियति सैनी ने 91.33 प्रतिशत, अनुज कुमार ने 90.83 प्रतिशत, तन्मय रचेता ने 90.83 प्रतिशत व दिव्या जांगिड़ ने 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व कस्बे का नाम रोशन किया है। इस दौरान विद्यालय चेयरमैन सुरेंद्र अहलावत, एकेडमिक डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत, प्रधानाचार्य आनंद कुमार शर्मा, रणधीर सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं अभिभावकों ने होनहार बच्चों का सम्मान करते हुए मिठाई बांटकर खुशियां मनाई व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रिंस स्कूल की चेष्टा शर्मा ने हासिल किए 99 प्रतिशत अंक




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड रिजल्ट में सीकर स्थित प्रिंस स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की है। प्रिंस स्कूल की चेष्टा शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। प्रिंस स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 33 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, राजस्थान में सर्वाधिक 124 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये हैं। प्रिंस स्कूल के कुलदीप ने 98.83 प्रतिशत, दक्ष नेहरा ने 98.83 प्रतिशत, इशिका ने 98.67 प्रतिशत, पल्लवी राठौड़ ने 98.50 प्रतिशत, अपूर्वा ने 98.33 प्रतिशत, तमन्ना ने 98.33 प्रतिशत, नितेश पूनिया ने 98.33 प्रतिशत, निर्मल यादव ने 98.17 प्रतिशत, जागृति दाधीच ने 98.17 प्रतिशत, चिराग सांगवान ने 98 प्रतिशत, दिव्यांशी बराला ने 98 प्रतिशत, अमृता मोर ने 98 प्रतिशत, पीयूष ने 98 प्रतिशत एवं अंकित सामोता ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता पर प्रिंस स्कूल में जश्न का माहौल रहा। टॉपर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। शानदार आतिशबाजी की गई, मिठाईयां बांटी गई। प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, रामचरण यादव, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित एवं संजय वर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाइयां दी।

# कक्षा 10 में हरिओम माली का शानदार प्रदर्शन



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के सरदार भगत सिंह स्कूल के होनहार छात्र हरिओम माली ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। हरिओम ने कुल 600 में से 564 अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। प्राप्त अंक विवरण के अनुसार हरिओम ने हिंदी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 96-96 अंक, अंग्रेजी में 94 अंक, गणित में 90 अंक तथा संस्कृत में 92 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा सह.शैक्षिक विषयों में भी उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। हरिओम के दादाजी सत्यनारायण, दादी विमला देवी, पिता सुरेंद्र माली एवं माता सुनीता देवी ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हरिओम माली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया। उनका कहना है कि अनुशासन और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। स्कूल प्रशासन और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हरिओम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

# विराट कवि सम्मेलन आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** जेजूसर में शहीद दिवस पर प्रशासक मंजू कपिल ऐचरा व भगतसिंह युवा क्रांति मंच द्वारा गाँव के आम चौक पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। अपार जनसमूह ने शहीद ए आजम सरदार भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को सच्ची श्रद्धांजलि दी। कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप में पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा रहे। कवि हरीश हिंदुस्तानी ने हास्य रस से ओत प्रोत रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया। वीर रस कवि महेश महाबली ने भगतसिंह और उसके साथियों को याद रखने की बात पर भगतसिंह तब भी जिन्दा था भगतसिंह आज भी जिन्दा है कविता पाठ किया। कॉमरेड कपिल ऐचरा विद्रोही ने सच बात तुझको दिल की बताऊँ मेरी लाडो की याद बहुत आती तेरी कविता पाठ कर पुरे पांडाल में बैठी मातृ शक्ति को भावुक कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य कलाकार वीरू नागौरी ने देश प्रेम के गीतों और हमारी संस्कृति से जुड़े भवाई नृत्य प्रस्तुत कर जनमानस का मन मोह लिया। कवि पवन पारस ने भी कविता पाठ किया। जनसमूह को सम्बोधित करते हुए अथिति पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि जिस समय देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही थी तब इस देश के कवियों ने छद्म राष्ट्रवादियों के चंगुल में फंसकर देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का मौनी बाबा के नाम से उपहास उड़ाकर सत्ता परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई लेकिन आज देश की अर्थव्यवस्था जब विकट परिस्थितियों से गुजर रही है रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है तब इन कवियों की जाड़ बन्द हो गयी। एक भी कवि सच्चाई को बयां नहीं कर रहा है। आप सबको सरकार की जनविरोधी नीतियों पर आवाज मुखर करनी होगी वरना इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। कवि सम्मेलन के दौरान जेजूसर प्रशासक मंजू कपिल ऐचरा, उप प्रशासक तिजू मेघवाल, तोगड़ा सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार, राणासर प्रशासक सुनीता झाझड़िया, सुभीता सिगड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मेघवाल, शिव भगवान, दिनेश झाझड़िया, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# ज्ञापन : वार्डों के पुनर्गठन में नियमों की अनदेखी का आरोप

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका सिंघाना के वार्डों के पुनर्गठन और सीमांकन में भारी अनियमितताओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डीपी सैनी ने उपखंड अधिकारी पूनम मीणा से मुलाकात की और विस्तृत ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

## राजपत्र के आंकड़ों और धरातल की स्थिति में अंतर

ज्ञापन में अध्यक्ष डीपी सैनी ने आरोप लगाया कि 18 सितंबर 2025 को प्रकाशित राजस्थान राजपत्र (विशेषांक) में दर्शाई गई जनसंख्या और सीमांकन को पूरी तरह दरकिनार कर वर्तमान ड्राफ्ट सूची तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या में भारी विसंगति है। राज्य सरकार के नियमों के विपरीत, कहीं मतदाताओं की संख्या 160 से भी कम है, तो कहीं यह आंकड़ा 1190 के पार पहुंच गया है, जो संतुलित गठन के सिद्धांतों के खिलाफ है।

## भौगोलिक निरंतरता को ताक पर रखा

कांग्रेस कमेटी ने शिकायत की है कि 25 से अधिक वार्डों के गठन में भौगोलिक निरंतरता का ध्यान नहीं रखा गया है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 22 और अन्य वार्डों में बाहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मनमर्जी से जोड़ दिया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में जिला कलेक्टर को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।



## प्रमुख मांगें

वर्तमान दोषपूर्ण ड्राफ्ट सूची को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। वार्डों का पुन: परिसीमन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 15 प्रतिशत आनुपातिक जनसंख्या सीमा के भीतर किया जाए। केवल वार्ड के वास्तविक भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को ही सूची में शामिल किया जाए। पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

# मृतक के परिजनों को 2 लाख का चैक सौंपा



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के बुगाला गांव में एक मृत व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए राजस्थान ग्रामीण बैंक की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपए का चैक प्रदान किया। बैंक की इस पहल से परिवार को राहत मिली है। जानकारी के अनुसार, मृतक राजेंद्र मेघवाल का बैंक में बीमा कवर था, जिसके तहत आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैंक ने नियमानुसार क्लेम राशि स्वीकृत कर परिजनों को सौंपी। इस दौरान बैंक मैनेजर मनीष कुमार स्वामी व कर्मचारियों ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को केवल वित्तीय सेवाएं ही नहीं, बल्कि मुश्किल समय में सहयोग भी प्रदान करता है।क्लेम राशि मिलने पर परिजनों ने बैंक का आभार जताया और कहा कि इस सहयोग से उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है। गांव के लोगों ने भी बैंक की इस पहल की सराहना की है।

# चेहरे की झुर्रियों को दूर करने में मदद करेंगे संतरे के छिलके

आज के समय में तेज धूप, गंदगी और प्रदूषण की वजह से चेहरे की त्वचा पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इनमें चेहरे पर फाइन लाइन्स और झुर्रियों का दिखना आदि को शामिल किया जाता है। दरअसल, काम की व्यस्तता के चलते महिलाएं हो या पुरुष अपनी त्वचा पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं। जिसकी वजह से वह समय से पहले ही बूढ़े लगने लगते हैं। चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आप घरेलू उपायों को अपना सकते हैं। संतरे के छिलके का पाउडर आपकी झुर्रियों को दूर कर, आपको प्राकृतिक निखार प्रदान करता है। आगे जानते हैं संतरे के छिलके झुर्रियों को दूर करने में किस तरह से फायदेमंद होता है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है।

## विटामिन सी से भरपूर

संतरे के छिलके का पाउडर विटामिन सी का एक बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करता है। फ्री रेडिकल्स चेहरे पर झुर्रियां लाने की एक बड़ी वजह माना जाता है। विटामिन सी कोलेजन उत्पादन में भी सहायता करता है। कोलेजन एक तरह प्रोटीन होता है, जो त्वचा की झुर्रियों को कम करता है। संतरे के छिलके से बने पाउडर का नियमित उपयोग त्वचा की इलास्टिसिटी को बेहतर करता है। इससे आपके चेहरे में निखार आता है।

## नेचुरल एक्सफोलेलिएटर

चेहरे के डेड सेल्स इकट्ठा होकर स्किन की झुर्रियों को बढ़ाने का काम करते हैं। संतरे के छिलके को आप एक नेचुरल एक्सफोलिएटर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके डेड सेल्स साफ होते हैं और रोम छिद्र खुल जाते हैं। इससे चेहरे पर निखार आने लगता है, और झुर्रियां कम होने लगती हैं। इससे नई सेल्स बनते हैं और त्वचा में टाइट होने लगती है।

## रंग को निखारना

झुर्रियों की वजह से चेहरे का निखार कम होने लगता है। लेकिन जब आप संतरे के छिलके के पाउडर का नियमित इस्तेमाल करते हैं, तो इससे त्वचा में निखार आने लगता है। इस पाउडर में साइट्रिक एसिड होता है, जो काले धबबों को दूर करने में सहायक होता है। साथ ही, त्वचा की रंगत को एक समान बनाता है।

## ड्राई फेस मास्क

इसे बनाने के लिए आप एक बाउल में 1 चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर, 1 चम्मच शहद और गुलाब जल को मिलाएं। इस फेस मास्क को चेहरे पर



लगाकर करीब 20 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो ले। इस उपाय को आप सप्ताह में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

## फेस स्क्रब

इसे बनाने के लिए एक बाउल में 1 चम्मच संतरे के छिलके के पाउडर, 1 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद को मिलाएं। इस स्क्रब को चेहरे पर लगाएं और जब ये हल्का सूख जाए, तो सर्कुलर मोशन में गोल घुमाते हुए इसे चेहरे से हटाएं।

## टोनर कैसे बनाएं

# आंखों के साथ ही दिल के लिए भी फायदेमंद है प्याज का रस

भोजन में अगर प्याज न हो, तो खाने का स्वाध अधूरा होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्याज सिर्फ खाने का स्वाद नहीं बढ़ाती बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। हालांकि कई लोग प्याज का सेवन करते हैं। कुछ लोग कच्चा प्याज सलाद के तौर पर खाते हैं, तो कई लोग सब्जियों में प्याज का इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ लोग प्याज के रस का भी सेवन करते हैं। बता दें कि प्याज के रस का सेवन करने से सेहत संबंधी विकास के खतरे को कम करता है। प्याज में पोटेशियम, मैंगनीज, विटामिन सी, बी6 और कॉपर आदि जैसे जरूरी विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा प्याज में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइन्फ्लमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। वजन घटाने से लेकर हाई बीपी, डायबिटीज आदि को कंट्रोल करने के लिए प्याज के रस का सेवन किया जाता है। प्याज का रस दिल को स्वस्थ रखने के लिए रामबाण इलाज है। यह हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है।



## प्याज के रस के फायदे

प्याज में एंटीऑक्सीडेंट गुण सूजन से लड़ने में सहायक होता है। साथ ही यह ट्राइग्लिसराइड्स को भी कम करता है। प्याज का रस कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा प्याज के रस के सेवन से इसके एंटीइंफ्लेमेटरी गुण हाई बीपी को कम करने और रक्त के थक्कों से बचाव में मदद करता है। बता दें कि यह स्थितियां दिल संबंधी बीमारियों के जोखिमों में से एक है। रोजाना प्याज का रस पीने से वजन प्रबंधन में भी मदद मिलती है और ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है। प्याज का रस दिल को स्वस्थ रखने में कई तरह से सहायक होता है।

## ऐसे पिएं प्याज का रस

प्याज का रस पीने के लिए 3-4 प्याज लेकर उन्हें मोटे-मोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड कर लें। जब इसका स्मूथ पेस्ट बन जाए तो छलनी के रस को छानकर एक बर्तन में निकाल लें। जो पेस्ट बच जाए उसका इस्तेमाल आप सब्जी में कर लें। इस रस का सुबह खाली पेट सेवन करना चाहिए। प्याज के रस का सेवन करने से न सिर्फ दिल स्वस्थ रहता है, बल्कि अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

# मॉनसून में बच्चों को हो सकती है त्वचा से जुड़ी समस्याएं, बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

मॉनसून की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखना पड़ता है नहीं, तो कई तरह की वायरल बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं। खानपान के साथ स्किन को भी इस मौसम में देखभाल की जरूरत होती है। खासकर बच्चों की स्किन का। बच्चों की स्किन काफी नाजुक होती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से इनकी स्किन पर कई तरह की समस्याएं हो जाती है। इस मौसम में कई बार बच्चे बारिश के पानी में भीग जाते हैं, जिस कारण बच्चों को स्किन पर खुजली, रैशेज और त्वचा पर दानों की समस्या हो सकती हैं। बहुत से पेरेंट्स मॉनसून में होने वाली स्किन की परेशानियों से बचाने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी बच्चों को आराम नहीं आता हैं। ऐसे में मॉनसून में बच्चों की त्वचा की देखभाल करने के लिए इन उपायों को आजमाया जा सकता हैं।



**स्किन को ड्राई रखें :** मॉनसून के मौसम में उमस काफी ज्यादा रहती है। जिस कारण पसीना आता रहता है और कई बार बारिश में भीगने के कारण भी स्किन भीग जाती है। ऐसे में कोशिश करें कि स्किन को पहले साफ पानी से वॉश करें। फिर सूखा टॉवल लेकर बच्चों की स्किन को साफ करें। स्किन को ड्राई रखने की कोशिश करें।

**कॉटन के कपड़े पहनाए :** मॉनसून के मौसम मे बच्चों को कोशिश करें कि कॉटन के कपड़े ही पहनाए क्योंकि इस तरह के कपड़े आसानी से पसीने को सूख लेते है। वहीं बच्चों को इस मौसम मे टाइट कपड़े पहनाने से बचें क्योंकि टाइट कपड़े पहनाने से बच्चों की स्किन पर रैशेज हो सकते हैं।

**बच्चों के सामान शेयर न करें :** मॉनसून में वायरल बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा होता है। इस मौसम मे जरा सी लापरवाही के कारण बच्चों की स्किन पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इस मौसम में बच्चों को साफ-सुथरा रखने के साथ उनके पर्सनल सामान की भी नियमित सफाई करते रहे। बच्चे के तौलिये, कपड़े और कंघी को किसी को भी देने से बचें।

**एंटीफंगल पाउडर का प्रयोग करें :** बच्चों की स्किन काफी नाजुक होती है। ऐसे में स्किन की देखभाल करने के लिए एंटीफंगल पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बच्चों की स्किन को ड्राई रखने के लिए इस पाउडर को बच्चे की स्किन पर लगाएं। इस पाउडर को लगाने से स्किन पर बैक्टीरिया का विकास नहीं होगा। साथ ही बच्चों को नहलाने के समय पानी में एंटीसेप्टिक लिक्विड का भी इस्तेमाल करें।

**क्लींजर का इस्तेमाल करें :** मॉनसून में उमस के कारण बच्चों की स्किन ड्राई हो सकती है। ऐसे में बच्चों की स्किन पर साबुन का इस्तेमाल न करें क्योंकि यह बच्चों की स्किन को और अधिक ड्राई कर सकते हैं। बच्चों की स्किन का पीएच बैलेंस बनाए रखने के लिए ऑयल फ्री क्लींजर का इस्तेमाल करें।

# सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं ये फूड कॉम्बिनेशन

आजकल फूड कॉम्बिनेशन एक ट्रेंड बन चुका है। पिछले सालों में अगर सोशल मीडिया खगाला जाए, तो आपको ऐसी तमाम वीडियो मिल जाएगी, जिसमें कई चीजों को एक साथ मिलाकर सेवन किया जा रहा हो। लेकिन क्या फूड ट्रेंड्स के चलते अपनी सेहत से खिलवाड करना सही है? क्या यह फूड कॉम्बिनेशन हमारे लिए हेल्दी हैं? कई बार हम घर पर भी कुछ चीजों का सेवन एक साथ करते हैं, जैसे कि फलों के साथ दूध लेना या खाने के साथ कुछ मीठा खाना। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है इन चीजों का सेवन पर क्या असर पड़ता होगा?



## खाने के साथ जूस लेना

कई लोग नाश्ते के साथ जूस लेना पसंद करते हैं। जैसे कि ब्रेड बटर के साथ संतरे का जूस आदि। लेकिन ये कॉम्बिनेशन आपके पाचन को नुकसान करने का कारण बन सकता है। दरअसल जूस में पानी की अधिक मात्रा होती है, जो पेट के एसिड को पतला करती है, जो प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट्स पचने में मुश्किल बना सकता है। इसलिए खाने से 10 मिनट पहले पानी और जूस का सेवन फायदेमंद माना जाता है।

## खाने के साथ फल खाना

फ्रूटस में फाइबर की अधिक मात्रा होती है, जो पाचन को बेहतर बनाते हैं और पचने में भी आसान होते हैं। अगर आप खाने के साथ फलों का सेवन करते हैं, तो ये पाचन तत्र में रुक जाते हैं। साथ ही फलों में मौजूद मिठास पाचन को धीमा कर देती है।

## दही में फल डालना

आपने दही में फलों का सेवन जरूर किया होगा। जैसे कि पाइन एप्पल रायता या मैंगो लस्सी। इन चीजों का सेवन आपके टेस्ट बस्ट के लिए तो बेहतर है लेकिन सेहत के लिए नहीं। दही में पाए जाने वाले बैक्टीरिया फलों में मौजूद शुगर के साथ रिएक्ट करने लगता है, जो शरीर में टॉक्सिन बढ़ाने, एलर्जी या नजला-खांसी होने का कारण बन सकता है।

## दूध में केला डालकर पीना

हर फिटनेस फ्रिक को केले का शेक काफी पसंद होता है। खासकर जो लोग मसल्ड गेन करने पर ध्यान दे रहे होते हैं। लेकिन यह कॉम्बिनेशन पाचन से जुड़ी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यह बहुत ही हैवी कॉम्बिनेशन होता है जो पचने में बहुत समय ले सकता है। इसका सेवन पेट से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है। नियमित रूप से इस कॉम्बिनेशन का सेवन करने से परहेज करें।

## कार्ब्स के साथ एनिमल प्रोटीन लेना

जब हम कार्बोहाइड्रेट के साथ स्टार्च और प्रोटीन जैसे कि मीट के साथ आलू और ब्रेड खाना। ये चीजें एक दूसरे के विरुद्ध काम करती हैं, जिससे आपको गैस, पेट फूलना जैसी समस्याएं हो सकती है।

# डिलीवरी के बाद वजन क्यों बढ़ने लगता है? इसके ये कारण

प्रेगनेंसी के साथ ही, डिलीवरी के बाद भी महिलाओं को कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स से जूझना पड़ता है। इसमें थायरॉइड, डायबिटीज और पीसीओएस शामिल हैं। इसके अलावा, डिलीवरी के बाद महिलाओं का वजन भी तेजी से बढ़ने लगता है। वजन बढ़ने से महिलाओं को कई अन्य दिक्कतें होने लगती हैं।

**प्रसवोत्तर थायरॉइड :** कई महिलाओं में प्रेगनेंसी के दौरान थायरॉइड रोग विकसित हो जाता है। ऐसे में बच्चे को जन्म देने के बाद उनका वजन बढ़ सकता है। डिलीवरी के बाद महिलाओं को हाइपोथायरायडिज्म या हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है। इस स्थिति में आपको थकान, कब्ज और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इतना ही नहीं, प्रसवोत्तर थायरॉइड में मासिक धर्म की अनियमितता भी देखने को मिल सकती है। कुछ महिलाओं में डिलीवरी के बाद ये लक्षण तुरंत महसूस होने लगता है, तो किसी में लंबे समय बाद नजर आते हैं।

**प्रसवोत्तर डिप्रेशन :** डिलीवरी के बाद महिलाओं में डिप्रेशन के लक्षण भी नजर आ सकते हैं। डिप्रेशन महिलाओं में बढ़े हुए वजन



का एक मुख्य कारण बन सकता है। प्रसवोत्तर डिप्रेशन में महिलाएं सामान्य से अधिक या कम खाना खा सकती हैं। प्रसव के बाद लगभग 6 महीनों तक डिप्रेशन की वजह से वजन बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है। इस स्थिति में आपको ज्यादा सतर्क होने की जरूरत होती है। अगर डिलीवरी के बाद आपको भी चिंता सता रही है, तो वजन बढ़ सकता है। इसलिए वजन को नियंत्रण में रखने के लिए आपको चिंता या तनाव में रहने से बचना चाहिए।

**डायबिटीज :** डायबिटीज में डिलीवरी के बाद महिलाओं के बढ़े हुए वजन का एक मुख्य कारण हो सकता है। अगर बच्चे को जन्म देने के बाद महिलाओं में टाइप 2 डायबिटीज विकसित हो जाता है, तो इस स्थिति में इंसुलिन की जरूरत पड़ती है। जिसकी वजह से आपका वजन बढ़ सकता है। ऐसे में आपको नियमित एक्सरसाइज करनी चाहिए। साथ ही, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, ताकि ब्लड शुगर और वजन, दोनों कंट्रोल में रहे।

**पीसीओएस :** पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, जिससे डिलीवरी के बाद 5 से 10 प्रतिशत प्रभावित हो सकती है। अगर आपको भी पीसीओएस है, तो इसकी वजह से आपको कई लक्षणों का अनुभव हो सकता है।

इसमें तेजी से वजन बढ़ना भी शामिल है। पीसीओएस की वजह से महिलाओं का वजन तेजी से बढ़ सकता है। इसके अलावा, चेहरे पर बाल उगना, मुंहासे होना, मासिक धर्म में अनियमितता और इंसुलिन प्रतिरोध होना, पीसीओएस के लक्षण हो सकते हैं।

# चेहरे पर लगाएं मसूर दाल, दही और गुलाब जल से बना फेस पैक

चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम सभी तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कोई प्रोडक्ट्स लगाता है, तो कोई घरेलू उपायों का इस्तेमाल करता है। लेकिन आप चाहें तो मसूर दाल से भी अपने चेहरे की रंगत को सुधार सकते हैं। जी हां, मसूर दाल त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होती है। आप मसूर दाल से फेस पैक बना सकते हैं। आप मसूर दाल में दही और गुलाब जल मिक्स करके फेस पैक बना सकते हैं। अगर आप इस फेस पैक को अप्लाई करेंगे, तो इससे झुर्रियों और फाइन लाइंस से छुटकारा मिलेगा।



## रंगत में सुधार करे

मसूर दाल फेस पैक लगाने से आपके चेहरे की रंगत में काफी सुधार नजर आने लगेगा। अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे या डार्क स्पॉट्स हैं, तो आपके लिए यह फेस पैक काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस फेस पैक को लगाने से दाग-धब्बे दूर होते हैं। साथ ही, चेहरे की त्वचा का रंग भी साफ होने लगता है। इस फेस पैक को लगाने से चेहरे का ग्लो और निखार भी बढ़ता है। चेहरे पर ग्लो लाने के लिए आप सप्ताह में एक बार मसूर दाल से बने इस फेस पैक को ट्राई कर सकते हैं।

## चेहरे की गहराई से सफाई करे

दिनभर प्रदूषण और धूप में रहने की वजह से हमारे चेहरे पर धूल-मिट्टी के कण चिपक जाते हैं। ऐसे में चेहरे की गहराई से सफाई करने के लिए आप मसूर दाल, दही और गुलाब जल से बना फेस पैक अप्लाई कर सकते हैं। आप रोज रात को इस फेस पैक को लगाकर अपने चेहरे की क्लींजिंग कर सकते हैं। इससे चेहरे पर जमा सारी धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कण आसानी से निकल जाते हैं। आप चाहें तो सुबह के समय भी इस फेस पैक को लगाकर चेहरे की सफाई कर सकते हैं।

## टैनिंग से छुटकारा दिलाए

लंबे समय तक धूप में रहने की वजह से चेहरे पर टैनिंग होने लगती है। इसकी वजह से चेहरे का रंग काला पड़ने लगता है। ऐसे में सन टैन को हटाने के लिए आप मसूर दाल, दही और गुलाब जल फेस पैक अप्लाई कर सकते हैं। इस फेस पैक को लगाने से टैनिंग दूर होती है और त्वचा का रंग साफ होता है। धूप में जाने से पहले या धूप से आने के बाद आप इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। सर्दी और गर्मी, दोनों मौसमों में टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए इस फेस पैक को लगाया जा सकता है।

## झुर्रियों को कम करे

अगर कम उम्र में ही आपके चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस नजर आने लगे हैं, तो भी आप इस फेस पैक को लगा सकते हैं। मसूर दाल फेस पैक त्वचा के रोमछिद्रों को कम करता है। साथ ही, डेड स्किन सेल्स को भी रिमूव करने में मदद करता है। इस फेस पैक को लगाने से एक्स्ट्रा ऑयल का उत्पादन भी कम होता है। इससे मुंहासों या एक्ने से बचाव होता है। साथ ही, झुर्रियां और फाइन लाइंस भी धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं।

## मसूर दाल, दही और गुलाब जल फेस पैक बनाने का तरीका

- इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले लाल मसूर की दाल को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें।
- सुबह इस दाल को बारीक पीस लें।
- अब इसमें दही और गुलाब जल मिक्स करें।
- इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं।

# वजन घटाने के लिए रात को फॉलो करें ये खास टिप्स

वजन घटाने के लिए आपको एक पूरा प्रोसेस फॉलो करना होता है। एक दिन हेल्दी खाकर, सही रूटीन को फॉलो कर के या फिर एक्सरसाइज कर, आप वजन नहीं घटा सकती हैं। इसके लिए आपको लंबे वक्त तक सही रूटीन को अपनाना होगा। सुबह के नाश्ते से लेकर रात के खाने तक, वेट लॉस के लिए सब चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही मॉर्निंग और नाइट में कुछ हेल्दी हैबिट्स को भी जरूर फॉलो करना चाहिए जिससे वजन घटाने में मदद मिल सके।

**लिक्विड चीजों को खाएं :** सब्जियों से बने सूप को पीना रात के वक्त बहुत अच्छा होता है। रात के समय चाय-कॉफी से दूर रहें। वहीं सब्जियों से बने सूप को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। डिनर को अगर आप अवॉइड कर रही हैं, तो सूप जरूर पिएं।

**प्रोटीन के साथ शामिल करें ये चीजें :** डिनर में अक्सर लोग प्रोटीन शामिल करते हैं जो कि सही भी है। लेकिन प्रोटीन के साथ डिनर में आपको वेजिटेबल्स को भी खाना चाहिए। अगर आप अंडे के सफेद भाग का आमलेट खा रहे हैं, तो उसे बहुत सारी सब्जियां डालकर बनाएं। इससे आपको फाइबर सही मात्रा में मिलेगा। रात को सीरियल खाना अवॉइड करें। कार्ब्स से मेटाबॉलिज्म सुस्त होता है। वहीं अगर आप सब्जियों को कार्ब्स या प्रोटीन के साथ ले सही हैं, तो इससे मेटाबॉलिज्म सुस्त नहीं होगा। मेटाबॉलिज्म सुस्त होने पर वेट लॉस बहुत मुश्किल हो जाता है।

## त्रिफला चूर्ण खाएं

रात के समय त्रिफला चूर्ण का सेवन फायदेमंद होता है। यह सुबह पेट साफ करने में मदद करता है। रात में सोने से पहले त्रिफला चूर्ण को खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है और वजन कम करने में भी मदद मिलती है।

# ग्लोइंग और सॉफ्ट स्किन के लिए लगाएं ग्रीन टी और एलोवेरा फेस पैक, मिलेंगे अनोखे फायदे

स्किन को हेल्दी और बेदाग बनाए रखने के लिए सही और केमिकल फ्री स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। बाजार में मिलने वाले ज्यादातर स्किन केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनका इस्तेमाल करने से स्किन को कई गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। इससे बचने के लिए आपको नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। स्किन को ग्लोइंग और बेदाग बनाए रखने के लिए एलोवेरा और ग्रीन टी का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। एलोवेरा में मौजूद गुण स्किन को कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। स्किन को डिटॉक्स करने का काम करते हैं।



**एक्ने और मुहांसों में फायदेमंद :** एक्ने और मुहांसों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए ग्रीन टी और एलोवेरा से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण और एंटी फंगल गुण स्किन को साफ करने और मुहांसे या एक्ने से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

**ग्लोइंग स्किन के लिए फायदेमंद :** स्किन को ग्लोइंग और शाइनी बनाने के लिए ग्रीन टी और एलोवेरा से बने फेस मास्क का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन से दाग-धब्बों को हटाने और चमक बढ़ाने में फायदेमंद होते हैं।

**स्किन को हाइड्रेट रखे :** स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए ग्रीन टी और एलोवेरा का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। स्किन में पानी का स्तर ठीक रहने पर आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग दिखती है।

**इन्फेक्शन से छुटकारा :** स्किन को इन्फेक्शन से बचाने के लिए ग्रीन टी और एलोवेरा फेस पैक का इस्तेमाल करना चाहिए। इसमें एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण भी होते हैं, जो स्किन को इन्फेक्शन से बचने में प्रभावी माने जाते हैं।

**एजिंग के प्रभाव को कम करने में फायदेमंद :** बढ़ती उम्र की वजह से आपके चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइन्स आदि आ जाती हैं। स्किन को टाइट और जवान बनाए रखने के लिए ग्रीन टी और एलोवेरा से बने फेस पैक का इस्तेमाल करना चाहिए।

# दूषित पानी पीने को मजबूर लोग, 3 साल पहले हुई थी टंकी की सफाई
# मृत पक्षियों से सप्लाई दूषित, पीएचईडी के खिलाफ फूटा गुस्सा

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में आईटी केंद्र के पास स्थित पानी की टंकी लोगों के लिए अब जहर का स्रोत बनती जा रही है। पिछले तीन साल से टंकी की सफाई नहीं होने के कारण हालात बेहद भयावह हो चुके हैं। टंकी के अंदर गंदगी के साथ मृत पक्षियों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पूरे गांव में सप्लाई हो रहा पानी दूषित हो चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिसे पीने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इस लापरवाही के चलते गांव में बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। लोगों में डर का माहौल है कि कहीं यह जहरीला पानी गंभीर बीमारियों को जन्म न दे दे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पीएचईडी विभाग के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। जिम्मेदारों की इस लापरवाही के चलते ग्रामीणों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है। मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्याधर बुगालिया के नेतृत्व में पीएचईडी विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई और तुरंत टंकी की सफाई व मरम्मत की मांग उठाई गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। विरोध करने वालों में पूर्व सरपंच मूलचंद बुगालिया, रिटायर्ड मैनेजर जगमाल बुगालिया, रामावतार जोशी, द्वारकाप्रसाद बुगालिया, दारासिंह बुगालिया, शौकत अली, सुरेश कुमावत, सुनील कुमावत, प्रवीण कुमावत आदि मौजूद थे।

### 30 साल पहले हुआ था टंकी का निर्माण

इस टंकी का निर्माण सन 1995 में हुआ था। फिलहाल यह काफी जर्जर हालत में है। साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि यह टंकी कई जगहों से लकीज है जिससे पानी रिसाव हो रहा है। इससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक नई टंकी से सप्लाई शुरू नहीं होती है तब तक इसकी सफाई करवाकर साफ पानी की सप्लाई जारी रखें।



## कसुंबी प्रशासक शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** कसुम्बी ग्राम पंचायत प्रशासक गिरधारी लाल पुत्र मुलाराम जाट को मंगलवार को लाडनूं पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि पंचायत समिति में विकास अधिकारी कुमुद सोलंकी के कार्यालय में शराब के नशे में आकर अभद्र व्यवहार कर गाली गलोच की। सोलंकी की सूचना के बाद लाडनूं थानाधिकारी शिंभु दयाल मीणा, आसूचना अधिकारी मोहम्मद शकील मौके पर पहुंचे और उसको पीछे के साइड बने कक्ष से पकड़ कर थाने लाए। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि विकास अधिकारी ने इसकी सुचना दी थी। मौके पर पहुंचकर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्रशासक कसुंबी का ग्राम पंचायत का लंबे समय से लेबर पेमेंट अटका हुआ था जिसका भुगतान करने के लिए वह बार बार पंचायत समिति के चक्कर काटा रहा था। इधर इस मामले में विकास अधिकारी सोलंकी ने बताया कि गिरधारी लाल ने कार्यालय में आकर अशोभनीय गाली गलोज की व अभद्र व्यवहार किया। वह दो बार कार्यालय में आया ओर हुड़दंग मचाया जिसकी रिपोर्ट लाडनूं पुलिस को दी गई है।

## मुख्यमंत्री ने किया महावीर जयंती समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव जन्म जयंती समारोह के अवसर पर राजधानी में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा ने महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को घोषित करने की मांग की। इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर भेट कर उन्हे निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर महावीर जयंती समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया गया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, महावीर जयंती के प्रधान संयोजक अशोक जैन नेता, कार्यकारिणी सदस्य चेतन जैन निमोडिया, भारतभूषण जैन उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री को भगवान महावीर की फोटो भेट कर स्वागत व सम्मान किया गया । मुख्यमंत्री द्वारा क्षमावाणी समारोह-2024 के मौके पर सभा के लिए भूमि आवंटन करने की की गई घोषणा के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश प्रदान करने की मांग की ।

## विराट हिंदू चेतना यात्रा की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**नोखा ( नवयत्न )।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाली विराट हिंदू चेतना यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। यात्रा संयोजक गजानंद सारस्वत व राम शर्मा रोड़ा ने बताया कि यह यात्रा लाहोटी चौक से सायं 4 बजे प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः लाहोटी चौक पहुंचेगी जहां महाआरती होगी। विहिप के जिला मंत्री सतीश झवर ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया। इसी क्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र में अक्षत वितरण अभियान चलाया गया। इस दौरान व्यापारियों एवं शहरवासियों से संपर्क कर उन्हें रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित विराट हिंदू चेतना यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। विहिप के नारायण राठी व रेवंत छींपा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली यह यात्रा सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और धर्म के प्रति आस्था को सुदृढ़ करने का संदेश देगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल उपस्थित रहेंगे, जो अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न टोलियों का गठन किया गया है जो जनसंपर्क, व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। जिसमें एस के शर्मा, अनिल भार्गव, तुलसीराम उपाध्याय, सुनील जगरा, इंद्र सवाई शर्मा, अनिल गोयल, पवन सिंह, रूपसिंह, सुरेश गोयल, रमेश कुमार, इंद्र चांवरिया आदि कार्यकर्ता शामिल है।

## भजन संध्या कल

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** किशोरपुरा के प्रसिद्ध श्री चामुंडा माता मंदिर में मंगलवार को 27 मार्च को भरने वाले मेले की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दे दिया गया है।। सोमवार की शाम मेले के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम रखा गया। मेला कमेटी के पंकज मीणा किशोरपुरा, अभिजीत सिंह ने बताया कि 26 मार्च गुरुवार को रात्रि सवा 9 बजे मंदिर पर विराट भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमे मशहूर कॉमेडियन एवं फिल्म अभिनेता भजन गायक पन्या सेपट, भजन गायिका मंजू गहलोत, मशहूर सिंगर राजस्थानी भजन गायक गोपाल राव एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या में हरियाणा की मशहूर सुखदेव आर्ट ग्रुप सिरसा के द्वारा रासलीला के साथ आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की जाएगी। 27 मार्च शुक्रवार को नवरात्रि के अंतिम दिन भव्य मेले का आयोजन रखा गया है। मेले में सुबह सवा 9 बजे गांव के श्री रामसागर बालाजी से गांव की परिक्रमा के साथ चामुंडा माता शक्ति पीठ तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में हवन की पूर्णाहूति के बाद भंडारे का आयोजन चलेगा। संत महात्माओं की विदाई कार्यक्रम होगा।। सायं सवा 4 बजे कुश्ती प्रतियोगिता होगी। मेले में नामचीन घोड़ी और ऊंटों का नृत्य कार्यक्रम भी रखा गया है।

दो दिवसीय मेले में मंदिर पर अब तक सहयोग करने वाले भामाशाहों एवं वालीयंटरों के साथ ही गांव के सरकारी नौकरियों में चयनित होने वाले एवं उल्लेखनीय सेवा देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। मेले को सफल बनाने के लिए मेला कमेटी ने सेवा भावी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारिया सौंपी है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में गांव के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए हैं।

## हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर घर में हो सामूहिक अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित पापड़ के हनुमान मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रामसेवकदास महाराज को श्री भन्दे बालाजी धाम का विशेष सिंदूर भेंट किया गया। संत अमरनाथ महाराज ने कहा कि हनुमान चालीसा का पूर्ण फल प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन सौ बार पाठ करना अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। यदि सौ व्यक्ति एक साथ, एक स्वर में सामूहिक रूप से एक बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, तो उन्हें भी वही पूर्ण फल प्राप्त हो सकता है। सभी श्रद्धालुओं को अर्थ सहित हनुमान चालीसा भेंट की गई। समिति के दिनेश मित्तल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रमुख धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, सामाजिक कार्यक्रमों और घर-घर में निरंतर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन किए जा रहे है। इस मौके पर नाथू दूध वाले, गोविंद, भगवान सहाय, प्रेम कुमावत, महेंद्र सहित अन्य श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पक्षी मयूर फोटो प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में कार्यरत्त संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान के तहत छापर में आयोजित की गई ओपन राष्ट्रीय मयूर फोटो प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि संस्था के कार्यालय स्वामी गीगदास स्मृति भवन में आयोजित परिणाम घोषणा कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा जयपुर के पर्यावरणविद व साहित्यकार योगी हुकमसिंह तंवर ने की। इस अवसर पर योगी हुकमसिंह ने कहा कि पर्यावरण और पक्षी के बिना मानव सभ्यता का अस्तित्व नहीं है। हम सबको मिलकर इसके संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के पांच-पांच प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रविष्टि के लिए चुना गया। पुरुष वर्ग में अशोक कुमार प्रजापतए जहूरदीन मनिहार, मंगतुराम सुथार, हिमांशु दाधीच एवं मनीष कुल्हरी तथा महिला वर्ग में मेघना सोनी, प्रेरणा स्वामी, दित्या सोनी, सुविधा जैन एवं प्रगति बोरायडा की प्रविष्टियां चुनी गई। संस्था के आगामी कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के प्रतिभागियों को पारितोषिक एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेगे।

# उपमुख्यमंत्री कल एमजेडी महाविद्यालय में निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा 26 मार्च को तारानगर आएंगे। उपमुख्यमंत्री बैरवा मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में भामाशाह ताराचंद विमी गोयल की ओर से अपने पिता राधाकृष्ण भगत व माता नारायणी देवी की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित विज्ञान भवन के नवीन कक्षा-कक्षों के लोकार्पण व भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, सहित उपस्थित रहेंगे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल ने बताया कि आगामी 26 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे माँ जालपा देवी महाविद्यालय में आयोजित होने वाले भव्य लोकार्पण एवं सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, शिक्षक नेता वीरबहादुर सिंह राठौड़, लीलाधर प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नंदू पटीर युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हरी इंदौरिया, पार्षद किशन सहारण, मुकेश शर्मा, त्रिलोक रैगर, मनोहर सेनी, अशोक जांगिड़, पुष्कर शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

## मॉडर्न प्रिंस स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मॉडर्न प्रिंस स्कूल तारानगर का मंगलवार को घोषित कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार व उत्कृष्ट रहा है। 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा भावना पुत्री भगवान राम ने 97.83 प्रतिशत सर्वोत्तम अंक लाकर तारानगर शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन किया है। जबकि कल्पना पुत्री जयवीर सिंह ने 97, लोकेंद्र सिंह पुत्र राहुल सिंह 96.83, अंकित पुत्र सत्यवीर सिंह 96.67 प्रतिशत, विनय शर्मा पुत्र विजेंद्र शर्मा 96.67, श्लोक पुत्र मगन चंद 95.33 प्रतिशत, योगेश पिलानिया पुत्र महावीर प्रसाद ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 32 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक रहे। संस्थाप्रधान पोकरराम पूनिया ने सभी अभिभावकों एवं छात्रों को शानदार व उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बधाई व शुभकामनाएं दी। सहनिदेशक रविंद्र पूनिया ने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशियां जाहिर की। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ जय सिंह सारण, रमेश बांगड़वा, विजयपाल, सुरेंद्र सहारण, राजपाल पुनिया आदि मौजूद थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच जारी

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही आठ दिवसीय स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पहला मुकाबला एचसीएल/केसीसी एवं पीडब्लूडी विभाग के बीच खेला गया जिसमें एचसीएल/केसीसी की टीम छह विकेट से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। मंगलवार को प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला एचसीएल/केसीसी व पीडब्लूडी विभाग के बीच खेला गया। एचसीएल/केसीसी ने टॉस जीत कर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पीडब्लूडी विभाग की टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए अमित के 15 गेंदों में 25 रनों के योगदान से नौ विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए, जवाब में एचसीएल/केसीसी के विकास कुमार के 16 गेंदों पर 41 रन बना कर नाबाद रहते हुए 10.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से मैच जीत लिया। एचसीएल/केसीसी के विकास को 41 रनों पर नॉट आउट एंव चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसी प्रकार सोमवार देर रात्री को दूसरा मुकाबला शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज के साथ खेला गया। शिक्षा विभाग की टीम ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए 77 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में पंचायती राज विभाग के विक्रम ने 14 गेंदों पर 33 रन बनाएं वही संजय ने मात्र चार गेंदों में दो छक्के लगाते हुए 13 रन बना कर नाबाद रहते हुए 6.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शिक्षा विभाग के तीन बल्लेबाज ही दो अंको तक पहुंच सके, चार बल्लेबाज तो खाता भी नही खोल पाएं। पंचायतीराज के विकास बड़गुजर ने 18 रन देकर चार विकेट, सुनील कुमार ने सात रन देकर, विकास ने 23 रन देकर दो-दो विकेट लिए। विकास बड़गुजर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## 98% अंक हासिल करने पर नेहा का स्वागत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। नया बास स्थित दयानंद विद्या विहार स्कूल में अध्ययनरत बालिका नेहा बिनवानी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिस पर संस्था परिवार द्वारा बिनवानी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक मनोज मित्तल, प्रिंसिपल सुनीता मित्तल, मीडिया मैनेजर तरीशी आदि ने माल्यार्पण कर, तिलकार्चन करके मिठाई खिलाकर नेहा बिनवानी का स्वागत किया। इस दौरान नेहा ने बताया कि वह आगे चलकर चिकित्सक बनेगी और मानवता की सेवा करेगी। इस अवसर पर दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले महक गोठड़िया, कृतिका सोनी, काशवी शर्मा, अभिषेक मीणा, आरूषि जाखड़, आदि का भी अभनंदन किया गया।

प्रिंसिपल सुनीता मितल ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए नेहा को बधाई दी और बताया कि कक्षा आठ और पांच में समस्त बच्चे, ग्रेड के साथ पास हुए हैं। कार्यक्रम में नेहा के भाई नीरज और बहन-तिका भी मौजूद रहे। इस दौरान संस्था के कविता, संतोष, दीपिका, सपना, सीमा, प्रतिभा, इशिका, पूजा, राधा, अनस, इरफान, कमल, नूता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कक्षा आठ व पांच के विद्यर्थियों का भी स्वागत किया गया।



## परीक्षा परिणाम रहा शानदार


जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर स्थित जवाहर पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर विद्यालय में आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित की गई । विद्यालय निदेशक राकेश झाझड़िया, रेणु झाझड़िया व विद्यालय स्टाफ ने छात्र-छात्राओं का मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया।

URBAN IMPROVEMENT TRUST SIKAR
Near Circuit House, Jaipur Road, Sikar 332001
Email ID:- uit.sikar@rajatsthan.gov.in
File No. न.वि.न्या./विकास/2025-26/1680 Date:- 18.03.2026
Notice Inviting Bid:- 19/2025-26
Bids for Construction of road work are invited form interested bidders upto 29.03.2026 (time) 06.00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in), (https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of 2 works Rs. 23.94 Lacs.
NIB Code: UIS2526A0024 & UBN No. : UIS2526WSOB00030, UIS2526WSOB00031
Raj.Samwad/C/25/23169 Executive Engineer

# सीएलआरजीएम स्कूल का परिणाम रहा शानदार

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर कस्बे के सीएलआरजीएम स्कूल तारानगर के छात्र नमन मेहरा ने मंगलवार को घोषित हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 99: अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा व चूरू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सादुलपुर तहसील के गांव रामपुरा बेरी हाल तारानगर निवासी छात्र नमन मेहरा के पिता जगदीश मेहरा तारानगर पंचायत समिति में कनिष्ठ अभियंता है जबकि माता सरोज गृहिणी है। नमन ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत के साथ साथ माता-पिता के आशीर्वाद व गुरुजनों के उचित मार्गदर्शन को दिया है। नमन का सपना इंजीनियर बनना है। राजस्थान प्रदेश में तीसरा व चूरू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के निदेशक डूंगरराम गोदारा व संस्था प्रधान समेस्ता खोथ के नेतृत्व में विद्यालय में आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। निदेशक गोदारा ने बताया कि विद्यालय की साक्षी पुत्री हवाई सिंह व्याख्याता ने 98.50 प्रतिशत अंक व मौलिक पुत्र नरेंद्र ज्याणी व्याख्याता ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चूरू जिलेभर में तारानगर तहसील व विद्यालय का नाम रोशन किया है। साक्षी चिकित्सक बनना व मौलिक सिविल सेवा में जाना चाहता है। नमन मेहरा के प्रदेश में तीसरा व चूरू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सीबीईईओ कार्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने नमन के पिता कनिष्ठ अभियंता जगदीश मेहरा का माला पहनाकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर उन्हें नमन की सफलता पर बधाई दी। नमन मेहरा की इस सफलता से पूरे गांव रामपुरा बेरी में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नमन शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहा है। सीबीईईओ तारानगर बबलेश शर्मा ने कहा कि ?नमन की सफलता यह दर्शाती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कोई भी मुकाम हासिल करना असंभव नहीं है। हमें गर्व है कि हमारे ब्लॉक से राज्य स्तर पर ऐसी प्रतिभा निकल कर आई है।

# आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी प्रशिक्षण शिविर आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार आयुर्वेद विभाग द्वारा आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत मंगलवार को पहाड़सर ग्राम पंचायत में आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को घरेलू उपचार रसोई से चिकित्सा, वन औषधियों का परिचय, संतुलित आहार-विहार, योग-व्यायाम, बीपी, ब्लड शुगर एवं तापमान जांच, आदर्श दिनचर्या एवं ऋतुचर्या, प्राथमिक उपचार, तम्बाकू मुक्त एवं व्यसन मुक्त जीवन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिकए मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य प्रबोधन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में आदर्श आयुष ग्राम पहाड़सर स्थित शहीद शुभाष चंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज बाला एवं पीटीआई बेला के सहयोग से आयुष्मान आदर्श मंदिर आयुषद्ध पहाड़सर के प्रभारी अधिकारी एवं सत्यनारायण सैनी के नेतृत्व में चयनित आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी को घरेलू उपचार : रसोई से चिकित्सा विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में डॉ. राजपाल पूनियां ने प्रशिक्षण दिया। ओमप्रकाश रेड़ू अध्यापक एवं डॉ प्रदीप शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैप्टन मेवासिंह सहारण, पार्वती देवी, परसाराम तरड़, हवासिंह चाहर, गिरधारी राम जाखड़, योग शिक्षक राहुल, नत्थूराम, नरेश, अंकित सहित चयनित आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी उपस्थित रहे।

# राम नवमी पर राम नाम तारक मंत्रों से गूंजेगा गुप्त वृंदावन धाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में राम नवमी के पावन अवसर पर राम तारक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो भक्त शामिल होगे। इस अवसर पर राम तारक मंत्रों से गुप्त वृंदावन धाम गूंजायमान होगा। गुप्त वृन्दावन धाम में प्रभू श्री राम के स्वागत की तैयारियाँ पूरे चरम पर हैं। 27 मार्च को राम लाला का जन्मोत्सव मंदिर में पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। हजारों लोग श्री राम के नाम का उच्चारण करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। रामनवमी पर भगवान् श्री श्री कृष्ण बलराम फूलों की झांकी में विराजेंगे, भगवान के विशेष श्रृंगार और पुष्प वर्षा के लिए भारत के प्रमुख शहरों से कई प्रकार के फूल मंगाए गए हैं। रामनवमी के पावन पर्व पर गुप्त वृन्दावन धाम में चार दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमे भक्त सम्पूर्ण राम लीला कथा श्रवण का लाभ लेगें। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर गुप्त वृन्दावन धाम में संध्या में राम तारक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भगवान राम के 108 पवित्र नामों का उच्चारण करते हुए मंत्रों की आहुतियां दी जाएंगी। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने राम तारक यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की इस यज्ञ में भगवान के पवित्र नाम श्री राम अष्टोत्तर का उच्चारण होगा। यह यज्ञ मानव जीवन में सुखएशांति, समृद्धि प्रदान करने वाला है, राम नाम का उच्चारण जीवन की सभी बाधाओं को दूर करता है।

# बैंक चोरी के आरोपी की दूसरी जमानत याचिका खारिज

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव शोभासर के राजस्थान ग्रामीण बैंक में गत 18 नवंबर 2025 को हुई चोरी के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी बिंटू की दूसरी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने बताया कि शोभासर के राजस्थान ग्रामीण बैंक के मैनेजर कमलजोत सिंह द्वारा सालासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि 18 नवंबर 2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों ने बैंक के सेफरूम का ताला तोड़कर और तिजोरी को कटर से काटकर करीब 2,01,610 रूपये चुरा लिए थे। वारदात के दौरान चोरों ने सीसीटीवी कैमरों और साइरन के तार भी काट दिए थे। प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा आरोपी बिन्टू निवासी जिला जिन्द हरियाणा, को गिरफ्तार किया गया।

# राम मंदिरों में भक्ति भाव से मनाई जाएगी रामनवमी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र शुक्ल नवमी गुरुवार को रामनवमी भक्तिभाव से मनाई जाएगी। छोटीकाशी के राम मंदिरों राम जन्मोत्सव का उल्लास नजर आएगा। रहा है। श्रीराम मंदिरों में प्रभु श्रीराम की जन्म की खुशियां बिखरेगी। दोपहर में भगवान राम लला का जन्माभिषेक होगा। भए प्रकट कृपाला दीनदयाला के साथ राम जन्मोत्सव का शंखनाद होगा। हवाई गर्जना के साथ जन्मोत्सव की खुशियां मनाई जाएगी। राम और हनुमान मंदिरों में दिनभर विशेष झांकी के दर्शन होंगे। गलता तीर्थ में राम कुंवर की विशेष प्रतिमा का जन्माभिषेक स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगा। यहां प्रतिष्ठित भगवान राम के तीन अलग-अलग रूप और विशेषताओं वाले विग्रहों का राजोपचार पूजन किया जाएगा। चांदपोल बाजार के मंदिर श्रीरामचन्द्रजी में राम जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। सुबह मंगला से विशेष पूजा अर्चना होगी। ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर इत्र, गुलाब, केशर, केवड़ा मिलाकर अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार कर राम दरबार को रत्न जड़ित जरदोजी पोशाक पोशाक धारण करवाई जाएगी। भगवान श्रीराम के साथ पूरे राम दरबार को हीरे, मोती, पन्ना, माणक, नीलम, सोना-चांदी के विशेष रजवाड़ी आभूषण धारण कराए जाएंगे। दोपहर में आरती के बाद पंजीरी और पंचामृत वितरण किया जाएगा। इस मौके पर 51 किलो मावे का केक भी काटा जाएगा। यहां मनाए जा रहे नव दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव के तहत मंगलवार को गौरांग मंडल के तत्वावधान में हरिनाम संकीर्तन और बधाईगान हुआ। संतों-महंतों के सान्निध्य में उछाल की गई। इस मौके पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया राम नवमी की पूर्व संध्या पर 25 मार्च को मंदिर में राज दरबार सजाया जाएगा। श्री प्रेम भाया मंडल की ओर से बधाई उत्सव मनाया गया।

## सियारामजी की होगी महाआरती

श्री खोले के हनुमान मंदिर में रामनवमी पर्व पर सुबह राम जन्मोत्सव का उल्लाा नजर आएगा। सुबह श्रीरामजी का विभिन्न तीर्थों से लाए गए जल से स्नान कराकर 108 औषधियों और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद षोडशोपचार पूजन किया जाएगा। इसके बाद फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। दोपहर में सियारामजी की महाआरती होगी।

## हवाई गर्जनाओं के बीच प्रगटेंगे रामलला

छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी में महंत नन्द किशोर के सान्निध्य में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और भगवा पताकाओं से सजाया जाएगा। ठाकुरजी का 51 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। दोपहर को 51 हवाइयों और वेद मंत्रोच्चार के बीच पालने में प्रभु श्रीराम की जन्म आरती होगी। इसके बाद पालने में ठाकुरजी की बाल स्वरूप झांकी सजाई जाएगी और पंजीरी का भोग लगाया जाएगा। शाम को ठाकुरजी की 2100 दीपकों से महाआरती कर दीपक उत्सव मनाया जाएगा और आतिशबाजी की जाएगी।




## मध्याह्न काल पूजन के लिए सर्वोत्तम

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे शुरू होकर 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे समाप्त होगी। राम जन्म पूजा मध्याह्न का सबसे शुभ समय 26 मार्च को सुबह 11:13 से दोपहर 01:41 बजे तक रहेगा, जिसमें दोपहर 12:27 बजे का समय सर्वोत्तम है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम का जन्म मध्याह्न काल में हुआ था, इसलिए इसी समय पूजा करना सबसे फलदायी माना जाता है। नवरात्रि का कन्या पूजन भी इसी दौरान किया जा सकता है।

# आदर्श के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में फिर रचा इतिहास



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्री आदर्श क्रिएटिव स्कूल व श्री भारतीय आदर्श विधापीठ स्कूल के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में 95 प्रतिशत से अधिक 9, 90 प्रतिशत से अधिक 21, 80 प्रतिशत से अधिक 52 विद्यार्थियो ने अंक प्राप्त किये। विद्यालय के विधार्थियो ने 96.83 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर बनाया कीर्तिमान। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियो 96.83 राजवीर भाकर पुत्र शंकर लाल भाकर, 96.83 लीना पारीक पुत्री हनुमान प्रसाद पारीक, 96.33 प्रतिभा पुत्री चेतराम उपाध्याय, 96.33 खुशी सोनी पुत्री कैलाश सोनी, 95.83 खुशी पारीक पुत्री नन्दलाल पारीक, 95.83 विपुल शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा, 95.50 राधिका पारीक पुत्री रमेश कुमार पारीक, 95.33 मोनिका पारीक पुत्री सोहनलाल पारीक, 95.00 अर्णव शर्मा पुत्र राजेश कुमार शर्मा, 94.50 प्रिया राजपुरोहित पुत्री मोहन सिंह, 94.33 अनमोल पारीक पुत्र जयकिशन पारीक, 94.00 माहि भार्गव पुत्री अनिल कुमार, 93.17 हर्षित सैनी पुत्र मंगलचंद सैनी, 92.67 देव जांगिड़ पुत्र मनोज कुमार, 92.17 लूनदास पुत्र भगवानदास, 91.83, कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र कपिल देव गौड़, 91.83 प्रशांत स्वामी पुत्र मोहन लाल स्वामी, 91.50 गंगा जोशी पुत्री ब्रह्मानंद, 91.50 गोविन्द गौड़ पुत्र श्याम सुन्दर, 91.50 पूजा माली पुत्री लालचंद माली, 90.67 प्राची छाबड़ा पुत्री अरुण कुमार ने अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार द्वारा विधार्थियो व अभिभावकों को साफा व माला पहना कर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। भारी संख्या में समारोह में मौजूद ग्रामीण व शहर से पधारे गणमान्य जनों ने विधार्थियो व विद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधेश्याम बढ़ाढरा ने बताया कि यह एक अनूठी उपलब्धि है। सचिव राधा लाटा ने आदर्श प्रतिभाओं को इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई देते हुए आदर्श टेस्ट सीरीज एआदर्श महासंग्राम, स्टॉफ की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का विद्यालय प्रशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग तथा विद्यार्थियो के नियमित अध्ययन को इस सफलता का श्रेय दिया ।

समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने आदर्श को शहर का गौरव बताया । अनेक विद्यार्थियो ने भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम में अभिमन्यु लाटा, डॉ. मनीषा वर्मा, प्रमोद कुमार पांडिया, सुशील गोस्वामी, शिवरतन पारीक, राधा सारस्वत, हेमलता महर्षि व सभी आदर्श टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा शर्मा ने किया।

# सोलफूल कव्वाली फेस्टिवल में गुलाबी फिजा में गूंजे सूफियाना कलाम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी फिजा उस समय और भी मखमली हो उठी, जब सूफ्यिाना कलामों की खुशबू ने दिलों की सरहदें मिटा दीं। सांप्रदायिक सौहार्द और आध्यात्मिक चेतना से ओत.प्रोत कव्वाली की महफिल ने कला और आस्था की ऐसी मिठास घोली की हर स्वर प्रेम का संदेश बन गया। मौका रहा, मंगलवार को स्वागत जयपुर फाउंडेशन और नॉर्थ जो कल्चरल सेंटर पटियाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सोलफुल कव्वाली फेस्टिवल के आगाज का। जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अजमेर दरगाह के शाही कव्वाल मोहम्मद मुबीन और कोटा के कव्वाल हिफ्जुर्रहमान हाकिमी ने सूफियाना कलामों का गुलदस्ता सजाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। तबले व ढोलक की जुगलबंदी व हारमोनियम की सुरीली आवाज के साथ फनकारों ने सुफियाना अंदाज में खुदा की शान में कशीदे पढ़े और कौमी एकता का संदेश दिया। राजस्थान के प्रसिद्ध कव्वाल मोहम्मद सिद्दीक की याद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में कोटा के कव्वाल हिफ्जुर्रहमान हाकिमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हम्द श्साहब जी इतना तो बता दो, कितने रूप तुम्हारे है, पेश की। इसके बाद शायर अल्लामा इकबाल और मिर्जा गालिब के कलामों को अपने सुरों पर सजाकर श्रोताओं से तालियां बटोरीं। उन्होंने हजरत अमीर खुसरो के कलाम छाप तिलक सब छीनी मौसे नैना मिलाइके और दमादम मस्त कलंदर को भी पेशकर समां बांधा। उनके साथ सह-गायन पर मो.अकबर, गुलाम फरीद और कोरस पर रफी उर रहमान, तबले पर अब्दुल हई और बैंजों पर मोण्जुनैद व ढोलक पर सुल्तान ने संगत की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अजमेर दरगाह के शाही कव्वाल मोहम्मद मुबीन ने अपने चिरपरिचित अंदाज में आध्यात्मिक रचनाओं से श्रोताओं को अपने रंग में रंग लिया। उन्होंने शुरुआत में नात शरीफ लुट गया मेरे दिल का खजिना सुन लो फरियाद, पेश की। इसके बाद कौल मन कुंतो मौला, और ख्वाजा साहब की शान में कृपा करो महाराज, आदि रचनाओं के जरिए सूफियाना गुलदस्ता सजाकर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। उनके साथ गायन पर मोहम्मद रफीक और इरफान अहमद ने साथ दिया। जबकि हिमांशु ने तबले पर और वारिस और सोहेल ने कोरस पर साथ दिया। इससे पूर्व स्वागत जयपुर फाउंडेशन अध्यक्ष इकबाल खान नियाजी ने बताया कि इस मौके पर सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। संचालन रहमान हरफनमौला का रहा। समारोह के तहत बुधवार को उस्ताद अनवार हुसैन नियाजी अपनी गायिकी के जरिए प्रेम, शांति और इंसानियत का संदेश देंगे।

# पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता 27 को

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 27 मार्च, 2026 शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से डॉ. एम एस हॉस्पिटल के पास स्थित स्व चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में श्पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। क्लब के गिरिराज के आलसी प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है यथा पहला ग्रुप अ जिसमे 18 वर्ष तक के लड़के/युवा भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग ले सकते है। इस गायन प्रतियोगिता के प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंक्लिनए प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा बनाये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मेंमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। क्लब के सदस्य प्रतियोगिता की तैयारीयों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है।

# गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के 5वें दिन 28 लाख 21 हजार आहुतियां

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अरावली की पर्वतश्रृंखलाओं एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित कालाकोटा के दाऊधाम में परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में 19 मार्च से आयोजित हो रहे 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के पांचवें दिन सोमवार तक कुल 28 लाख आहुतियां लगी। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री के आचार्यत्व में यज्ञ ब्रह्म पण्डित राजकुमार शास्त्री, उपाचार्य पण्डित श्रीराम शास्त्री सहित सैकड़ों विद्वान पण्डितों ने यजमानों से 28 लाख 21 हजार आहुतियां दिलवाई। महायज्ञ में श्री लावारामद्वाराचार्य टीला पीठाधीश्वर हरिर्राचार्य महाराज ने शिरकत कर यज्ञ में आहुति दी और प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। संत ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि विश्व में कोई सबसे बड़ा महापाप है तो वह है भ्रुण-हत्या। कभी भी किसी को भ्रुण-हत्या नहीं करनी चाहिए। इसका संकल्प सभी को लेना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारी प्राचीन परम्परा है, सतयुग में भी बड़े-बड़े राजा-महाराजाओं व ऋषि-मुनियों द्वारा यज्ञ किए जाते थे।यज्ञ से मानव कल्याण सम्भव है। साथ ही सबको गौमाता की भी सेवा करनी चाहिए क्योंकि इसी से मनुष्य की सद्गति सम्भव है। महायज्ञ में अरनिया, रामपुरा एवं बड़ी ढ़ाणी गढ़टकनेत के श्री लावारामद्वाराचार्य टीला पीठाधीश्वर हरिदेवाचार्य महाराज, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा सपत्नीक, छारसा धाम के छीतरदास महाराज, हरिदास महाराज, खेमजी मंदिर के महामण्डलेश्वर भींवादास महाराज, भारुपुरा धाम के बनवारीदास महाराज आदि की उपस्थिति रही। मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक भोलाशंकर दास महाराज ने कृष्ण भगवान के जन्म का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर बधाई गान में श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोहा। मंदिर में चल रहे विशाल भण्डारे में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंगत-प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। नित्यप्रति भण्डारे में करीब 10 हजार श्रद्धालु पंगत प्रसादी ले रहे हैं। गांव कालाकोटा के युवा एवं बुजुर्ग धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा-चाकरी में लगे रहते हैं। पांच दिनों से दाऊधाम में धार्मिक वातावरण के बीच वेद मंत्रों के साथ-साथ यज्ञ में लग रही आहुतियों के स्वाहा कार की ध्वनि गुंजायमान हो रही है। कालाकोटा दाऊधाम के 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ में एक विशेष बात देखने को मिली वो यह रही कि टोडा निवासी 91 वर्षीय सुवालाल कुम्हार और उनकी धर्मपत्नी 87 वर्षीया केशरी देवी पिछले पांच दिनों से महायज्ञ में आहुतियां दें रहे हैं और उनका संकल्प है कि लगातार नौ दिनों तक आहुतियां देकर ही वो अपना प्रण पूरा करेंगे।

# मन की शांति चाहिए तो शिव की भक्ति में रम जाइए : प्रदीप मिश्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के बैनर तले मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर चल रही श्री शिव पुराण कथा के पांचवें दिन मंगलवार को पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वालों की कथा सुनने के लिए देशभर से हजारों भक्त उमड़ पड़े। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हजारों आत्मपिपासु श्रद्धालु तेरी पूजन को भगवान बना है कर दिया मालामाल काशीवाले ने काशी वाले आज तेरी याद सताए जैसे भजनों की स्वर लहरियों व झूमते नाचते आए। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व विधायक बाल मुकुंदाचार्य कथा का श्रवण कर पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री और मनोज पांडे ने ऊर्जा मंत्री नागर, पूनिया व विधायक बालमुकुंदाचार्य से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कथा सुनाते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले ने कहा कि मन की शांति चाहिए तो शिव की भक्ति में रम जाइए। आज के युग में हर मनुष्य के पास धन, संपदा की कोई कमी नहीं है, पर मन की शांति के अभाव में भटकाव बढ़ रहा है। इस भटकाव के चलते आज का मनुष्य कई तरह की मानसिक व्याधियों से जूझ रहा है। भगवान शिव ने अपने भक्तों को धन, वैभव सब कुछ दे दिया पर मन की शांति खुद के पास रख लीए ऐसे में अगर किसी भक्त को मन की शांति चाहिए तो उसे भगवान शिव में अपना मन शिव की आराधना में रमाना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा गणेश पुराण वृतांत भी सुनाए, इसके साथ ही समाज में पराया धन और पराई स्त्री के प्रति लगाव रखने वाले कलयुगी इंसानों को सावचेत करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति पराया धन और पराई नारी की ओर आकर्षित होगा, उसका विनाश तय है। घर की नारी को सम्मान दो, क्योंकि महादेव अपनी धर्म पत्नी पार्वती को अपने को ऊंचा देते है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कई परिवार इसलिए बर्वाद हो रहे हैं क्योंकि घर का एक सदस्य शराब, जुआ व अन्य व्यसनों से ग्रसित है, ऐसे व्यक्ति को नशामुक्त करने के लिए एंकातेश्वर महादेव की लाल चंदन से पूजा करके व उस चंदन वाले जल को नशा करने वाले व्यक्ति को पिला तो कुछ समय बाद वह व्यक्ति नशे से दूर हो जाएगा। कथा के दौरान भारी भीड़ के चलते पांडाल के बाहर भक्तों के लिए कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा कि कथा श्रवण का महत्व और पुण्य सबकों समान मिलेगा। इस मौके पर पंण्मिश्रा ने एकांतेश्वर व कुंदेश्वर महादेव की महिमा के बारे में भी बताया। इस दौरान मंच से अजमेरव जयपुर सहित अन्य स्थानों से जिसमें जयपुर से कानोता की चित्रा खंडेलवाल, शास्त्री नगर की नीलू भारद्वाज व अजमेर की लक्ष्मी जांगिड़ सहित विभिन्न स्थानों से के आए पत्रों में लिखें अनुभवों को मंच के माध्यम से साझा करते हुए कथावाचक मिश्रा ने कहा कि कथा का नियमित श्रवण करने और एक लोटा जल चढ़ाने से किसी की 23 साल की बेटी जो ना चल पाती थी और ना ही बोल पाती और ना ही सुन पाती है जो एसही हो गई। किसी भक्त की बच्चेदानी ठीक हो गई तो किसी ने परीक्षा पास कर ली और किसी की सरकारी नौकरी लग गई आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री और मनोज पांडे ने बताया कि आज की कथा का समापन आरती से हुआ।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190